mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-232 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
22 अगस्त 2024 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



जहीर खान बन ...
@ पेज 7

# 'कोटे पर कोटा' का विरोध, बंद रहा भारत

● एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर के विरोध में जबरदस्त संग्राम ● बिहार में ट्रेनें रोकीं, पटना में लाठीचार्ज, यूपी में भारी बवाल ● राजस्थान के 16 जिलों में स्कूल बंद, पुलिस से हुआ टकराव





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की इजाजत देने के खिलाफ बुधवार को दलित-आदिवासी संगठनों ने 14 घंटे का भारत बंद बुलाया है। नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ दलित एंड आदिवासी ऑर्गेनाइजेशन ने इसे दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया है। बिहार में बंद का सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इसको लेकर अलर्ट है। कांग्रेस, डीएमके, सपा, बसपा, आरजेडी, झामुमो समेत कई दलों ने बंद का समर्थन किया है। 9 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने टिप्पणी की थी कि एससी-एसटी में भी क्रीमी लेयर लागू करने पर विचार करना चाहिए। इसे लेकर दलित सांसदों ने पीएम से मिलकर अपनी चिंता जताई थी। यूपी के जालौन में प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। सीओ को धक्का दे दिया।

## बदलापुर का 'बदला' लेने सड़क पर संग्राम

### 300 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर,72 प्रदर्शनकारी अरेस्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में 2 बच्चियों के साथ यौन शोषण मामले में राज्य सरकार ने बुधवार, 21 अगस्त को स्कूल के लिए प्रशासक नियुक्त कर दिया है। इस घटना के खिलाफ 20 अगस्त को हजारों की भीड़ बदलापुर के लोकल ट्रेन के रेलवे ट्रैक पर उतर आई थी। 10 घंटे तक तोड़फोड़ और पुलिस पर पथराव किया था। करीब 17 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने देर रात करीब 300 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। अब तक 72 लोगों को अरेस्ट किया। आज भी बदलापुर में इंटरनेट और स्कूल बंद हैं। उधर, मामले की जांच के लिए आरती सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा और सरकारी वकील उज्ज्वल निकम होंगे। आरोपी को 26 अगस्त तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं एमवीए ने 24 को महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया है।

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

## अब सीआईएसएफ ने संभाली आरजी कर अस्पताल की सुरक्षा

● कॉलेज का पूर्व अधिकारी हाईकोर्ट पहुंचा,की पूर्व प्रिंसिपल के खिलाफ ईडी जांच की मांग

**कोलकाता/नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप और मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा सीआईएसएफ ने अपने हाथ में ले ली है। सीआईएसएफ के अधिकारी बुधवार को अस्पताल पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व डिप्टी सुपरिटेंडेंट अख्तर अली ने कलकत्ता हाईकोर्ट में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ याचिका लगाई है। अली ने घोष पर कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है और ईडी से जांच कराने की मांग की है। उधर, सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे डॉक्टरों का प्रदर्शन 10वें दिन भी जारी है। कोलकाता, दिल्ली और



अन्य शहरों में भी डॉक्टरों ने आज काम नहीं किया। एम्स दिल्ली ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कमेटी बनाई है। इसके अलावा बुधवार को कोलकाता में भाजपा और कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। ममता के खिलाफ पहली बार आम आदमी पार्टी ने भी प्रदर्शन किया। रेप-मर्डर केस में बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की जांच के लिए एसआईटी बनाई है।

**संक्षिप्त समाचार**

## भारत एक बार फिर से बनेगा दुनिया की उम्मीद

● मंकीपॉक्स की वैक्सीन तैयार रहा सीरम इंस्टीट्यूट

**मिलेगी अच्छी खबर!**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना महामारी के दौरान भारत ने दुनियाभर के देशों की मदद की थी। भारत ने खासतौर से गरीब देशों को न केवल कोविड वैक्सीन भेजीं बल्कि खाद्य सामग्री भेजकर भी महामारी से लड़ने में उनकी मदद की थी। अब एक बार फिर से भारत दुनियाभर की उम्मीद बन सकता है। भारत के सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह वर्तमान में मंकीपॉक्स के लिए वैक्सीन बनाने पर काम कर रहा है। एमपॉक्स (जिसे पहले मंकीपॉक्स




कहा जाता था) निकट संपर्क के माध्यम से फैल सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायरस के नए प्रकार की पहचान के बाद गत 14 अगस्त को इस बीमारी के हालिया प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय रूप से चिंताजनक तथा सार्वजिक स्वास्थ्य आपात (पब्लिक हेल्थ इमरजेन्सी) घोषित किया था। यह कदम अफ्रीका के कुछ हिस्सों में मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज किए जाने के बाद उठाया गया। भारत में, 2022 से अब तक लगभग 30 एमपॉक्स मामले पाए गए हैं। देश में सबसे हालिया मामला मार्च 2024 में दर्ज किया गया था। मामलों में ताजा वृद्धि को देखते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा कि वह इसके लिए वैक्सीन बना रहा है और एक साल के अंदर सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

## पूजा खेड़कर की गिरफ्तारी पर 29 अगस्त तक लगी रोक

दिल्ली हाईकोर्ट बोला था-निचली अदालत आरोपों में उलझी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने 29 अगस्त तक पूजा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पहले सुनवाई में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस और यूपीएससी को नोटिस जारी



कर जवाब मांगा था। सुनवाई में जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा था कि निचली अदालत पूजा पर लगे आरोपों में उलझ गई और याचिका पर सही ढंग से विचार नहीं किया। दरअसल, पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा को राहत देने से इनकार कर दिया था। लोअर कोर्ट ने कहा था कि आरोपी से हिरासत में पूछताछ होनी जरूरी है। इसके बाद पूजा ने 8 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस अफसर रहीं पूजा पर यूपीएससी ने पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस एग्जाम देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को सुनवाई की थी।

## वायनाड के भूस्खलन में 17 परिवारों में कोई नहीं बचा

● 119 लोग तो अब भी लापता, बड़े पैमाने पर भूस्खलन

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा है कि वायनाड में पिछले महीने भारी बारिश के बाद बड़े पैमाने पर हुई भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित इलाकों में रहने वाले 17 परिवारों



का एक भी सदस्य जीवित नहीं बचा। यही नहीं अब भूस्खलन प्रभावित इलाकों में 119 लोग अब भी लापता हैं और उनके 91 रिश्तेदारों के डीएनए नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं। विजयन ने मंगलवार को कहा कि वायनाड जिले में भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और इसके तहत पीड़ितों के खातों में पैसा जमा हो रहा है।

# बड़ी खुशखबरी! चंद्रयान 4 और 5 का डिजाइन तैयार

● इसरो चीफ बोले-5 साल में 70 सैटेलाइट लॉन्चिंग की संभावना, सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब इसरो चंद्रयान 4 और 5 की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अगले चरण के मून मिशन के लिए डिजाइन तैयार कर लिया है। इसके लिए सरकार से मंजूरी लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसमें चंद्रयान-4 मिशन में चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रमा के पत्थरों और मिट्टी को पृथ्वी पर लाना, चंद्रमा से एक अंतरिक्ष यान को लॉन्च करना, चंद्रमा की कक्षा में अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करना और नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना शामिल है। सोमनाथ ने यह भी बताया कि इसरो की आगामी 5 सालों में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना है। उन्होंने ये जानकारी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और भारतीय अंतरिक्ष संघ के आयोजित कार्यक्रम में दी।

## पीके के खौफ में बीजेपी में ब्राह्मणों की लग रही लॉटरी

### बिहार में सतीश,मंगल और नीतिश के बाद मनन को मिला मौका

### प्रशांत किशोर बिहार बीजेपी के लिए बने खतरा,पार्टी हुई ऐक्टिव

**गोपालगंज (एजेंसी)।** एक उक्ति है- भय बिन प्रीत न होय तो क्या इन दिनों राज्य की राजनीति में जबरदस्त अंदाज में घुसपैठ कर रहे प्रशांत किशोर भारतीय जनता पार्टी के लिए खतरा बन गए हैं। क्या प्रशांत किशोर का ब्राह्मण होना और उस पर आंकड़े बाज या चुनावी रणनीतिकार होना कहीं भाजपा के आधार वोट ब्राह्मण पर खतरा का सिग्नल तो नहीं है। सच तो यह है कि इधर



ब्राह्मण के लिए पदों का पिटारा खोल रखी भाजपा इन दिन सवालों के घेरे में तो आ ही गई है। तो क्या ब्राह्मण नेताओं पर मेहरबान होकर भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व प्रशांत किशोर के लिए फील्डिंग सजा रही है। तीन बार विधायक और एक बार लोक सभा सांसद रहे सतीश चंद्र दुबे फिलहाल केंद्र सरकार में खान मंत्रालय और कोयला मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री हैं।

**जदयू से हम और फिर भाजपा में आए नीतिश मिश्रा**

नीतिश मिश्रा प्रख्यात कांग्रेसी नेता डॉ. जगन्नाथ मिश्रा के बेटे हैं। पहली बार जन कांग्रेस से झंझारपुर विधान सभा से चुनाव लड़े पर हार गए। इसके बाद नीतिश कुमार से जुड़े। मिश्र 13वीं, 14वीं, 15वीं और 17वीं विधानसभा में झंझारपुर से विधायक रहे। कांग्रेस से जदयू आए, फिर जीतन राम मांझी की पार्टी 'हम' ज्वाइन की। अब भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। फिलहाल उद्योग और पर्यटन मंत्री हैं। इसके पहले ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और गन्ना विभाग के भी मंत्री रहे है। इनका भी विशेष प्रभाव उत्तर बिहार में है। बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के छह बार अध्यक्ष रहे मनन कुमार मिश्र भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की ओर से लाए गए तीसरे योद्धा हैं जो प्रशांत किशोर का ब्राह्मण मतों पर होने वाले हमले से भाजपा को बचाएंगे। पीके भी गोपालगंज के रहने वाले हैं।

# भारत की खातिर साथ आ सकते हैं दो कट्टर दुश्मन!

**रूस, यूक्रेन...**

**पीएम मोदी के दौरे से सेना को भी मिलेगी जोरदार ताकत**



**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन में चल रही भीषण लड़ाई के बीच पीएम मोदी यूक्रेन और पोलैंड की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन में रहेंगे और राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा के दौरान भारत और यूक्रेन के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने हैं। इसमें रक्षा, आर्थिक संबंध, साइंस और अत्याधुनिक तकनीक शामिल हैं। पीएम मोदी की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब यूक्रेन की सेनाओं ने रूस के 1000 किमी के इलाके पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी सेना रूस के अंदर 9 किमी तक घुसी हुई है। वहीं रूसी सेना अब चारों ओर से यूक्रेन की सेना को घेर रही है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच पीएम मोदी कीव की यात्रा पर पहुंच रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी रूस की यात्रा पर गए थे और राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। दरअसल, भारत ने सोवियत जमाने में कई ऐसे हथियार खरीदे थे जो अब आधुनिक जमाने में यूक्रेन है। भारत अभी भी यूक्रेन से जिन रक्षा उपकरणों को खरीदता है, उसमें भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के लिए गैस टर्बाइन और एएन 32 मालवाहक एयरक्राफ्ट शामिल है जिसका इस्तेमाल इंडियन एयरफोर्स करती है। यही वजह है कि भारत के लिए यह फायदे का सौदा है कि वह यूक्रेन के साथ अपने मजबूत रक्षा संबंध बरकरार रखे। यूक्रेन की सरकारी कंपनी जोर्या माशप्रोइक्ट भारत की निजी सेक्टर की कंपनियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से काम कर रही है। यही नहीं भारत और यूक्रेन विमान और प्लेन के इंजन भारत में बनाने के लिए भी बातचीत कर रहे हैं।

● रूस के बनाए भारतीय युद्धपोत में लगे यूक्रेनी इंजन

इसके अलावा साल 2018 में भारत और रूस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत रूस ग्रिगोरोविच क्लास के दो फ्रीगेट नौसेना के लिए ले रहा है। साथ ही गोवा शिपयार्ड में भी दो और फ्रीगेट बनाया जाना है। रूस के इन युद्धपोतों पर यूक्रेन के गैस टर्बाइन लगने हैं। इस बीच साल 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे के बाद यूक्रेन ने इन इंजन को देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद भारत ने यूक्रेन से सीधे समझौता किया और गैस टर्बाइन को खरीदकर उसे रूस को दे दिया। ये दोनों युद्धपोत अब रूस में तैयार हो गए हैं और उनका नाम तुशिल और तमाला है जो नेवी को दिया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात यह है कि यूक्रेन के जिस प्लांट में गैस टर्बाइन को बनाया जाता है, उस पर रूस मिसाइल हमला कर चुका है। इसमें यूक्रेनी प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे उत्पादन में दिक्कत आ रही है।



# मुकेश अंबानी समुद्र के नीचे बनाएंगे केबल रूट

**इंटरनेट स्पीड उड़ा देगी होश, पूरी दुनिया की होगी भारत पर नजर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सब सी केबल के बारे में आपने पहले सुना है। ये दो देशों के बीच डेटा सेंटर की तरह काम करता है और एक ऐसा कनेक्शन होता है जो समुद्र के अंदर से होकर गुजरता है। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अब इस पर जियो और एयरटेल ने काम करना शुरू कर दिया है। अभी तक आप बीएसएनएल 5जी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन सुनील मित्तल और मुकेश अंबानी के इस बिजनेस प्लान के बारे में जानकर पूरी तरह हैरान होने वाले हैं। क्योंकि इसमें इंटरनेट स्पीड बूस्ट करने पर काफी तेजी से काम किया जा रहा है। आज हम आपको इस प्लान के बारे में जानकारी देने वाले हैं। साथ ही बताएंगे कि आखिर ये प्लान काम कैसे करता है। साथ ही इसमें मिलने वाली इंटरनेट स्पीड कितनी होने वाली है। एयरटेल और जियो ने इसको लेकर बड़ा फैसला लिया है और तीन कंपनियां भारत में सब सी केबल लेकर भी आ रही हैं



और इसमें मुंबई, चेन्नई सबसे अहम केंद्र होने वाला है। भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी की पूरी तस्वीर बदलने वाली है। क्योंकि तीन बड़ी कंपनियों की तरफ से इस प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। रिपोर्ट की मानें तो आईएएक्स और आईईएक्स कंपनियों के नाम हैं और ये अक्टूबर या अगले मार्च तक आ सकता है। अगर ये नेटवर्क आ जाता है तो मौजूदा कैपेसिटी की चार गुना स्पीड मिलने वाली है। जियो के निवेश वाली आईएएक्स और आईईएक्स का लैंडिंग स्टेशन मुंबई और चेन्नई में होने वाला है। इससे दुनिया की टेलीकॉम मार्केट में भारत का कद बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है। आईईएक्स की कैपेसिटी की बात करें तो ये 200 टीबीपीएस होने वाली है और ये पर्शियन गल्फ से होकर गुजरेगा। ये यूरोप तक को भी कवर करेगा और इसकी शुरुआत मुंबई से होगी, जिसके बाद ये कंपनी 9,775 किलोमीटर का एरिया कवर करेगी जो काफी खास होने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### 3165 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन का विस्तार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च 2024 तक 3165 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन का विस्तार किया गया है। यह क्रम लगातार जारी है। इसी तरह 33 केव्ही लाइन का 1122 किलोमीटर, एलटी लाइन का 1113 किलोमीटर और अति उच्चदाब लाइन का 818 सर्किट किलोमीटर विस्तार किया गया है। अति उच्चदाब उप केन्द्र 14, 33/11 केव्ही उप केन्द्र 59 बनाये गये हैं। पावर ट्रांसफार्मर 133 और वितरण ट्रांसफार्मर 9978 स्थापित किये गये हैं। मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि इन विद्युत अधोसंरचना के कार्यों के पूर्ण होने पर 3 लाख 90 हजार विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

### अनियमितताओं के चलते 2 सेवानिवृत्त तहसीलदारों की पेंशन रोकने के आदेश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि अनियमितताएँ करने पर 2 सेवानिवृत्त तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए पेंशन रोकने के आदेश दिये गये हैं। जिन सेवानिवृत्त तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। इनमें श्री एस.एस. दोहरे ने तहसीलदार अंबाह जिला मुरैना में पदस्थापना के दौरान अपात्र व्यक्तियों को बिना व्यपवर्तन के भूमि आवंटन कर अनियमितता की थी। अनियमितता जांच में प्रमाणित होने पर श्री दोहरे की 25 प्रतिशत पेंशन 5 वर्ष के लिये रोकने की कार्रवाई की गई। दूसरे प्रकरण में श्री वीरेन्द्र कुमार सोनी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं तत्कालीन प्रभारी नायब तहसीलदार नईगढ़ी रीवा के विरूद्ध कार्रवाई की गई। श्री सोनी ने पाला तुषार से रवी फसलों की क्षति के मुआवजा वितरण में अनियमितता की थी। अनियमितता विभागीय जांच में प्रमाणित पाये जाने पर श्री सोनी विरूद्ध की गई कार्रवाई में 5 प्रतिशत पेंशन 2 वर्षों के लिये रोकने के आदेश दिये गये हैं।

### जवाहर बाल भवन में ईको फ्रेंडली गणेश बनाने की कार्यशाला शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** गणेश उत्सव नजदीक है। छोटे बच्चों को पर्यावरण की सुरक्षा और उसके महत्व को समझाने के उद्देश्य से जवाहर बाल भवन के ईको फ्रेंडली गणेश बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला 21 अगस्त से 5 नवम्बर 2024 तक दोपहर 2 से सायंकाल 5 बजे तक शासकीय कार्य दिवसों में होगी। मूर्तिकला विशेषज्ञ श्री अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश उत्सव को दृष्टिगत रखते हुए जवाहर बाल भवन में पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से ईको फ्रेंडली गणेश बनाने की कार्यशाला का आयोजन 21 अगस्त से 5 नवंबर, 2024 तक समय दोपहर 2 से 5 बजे तक शासकीय कार्य दिवसों में प्रतिदिन किया जायेगा। संचालक जवाहर बाल भवन श्रीमती शुभा वर्मा ने बताया कि इसमें भाग लेने के लिये बच्चे अपना पंजीयन जवाहर बाल भवन में करा सकते है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बच्चों को ईको फ्रेंडली गणेश बनाने की आसान विधि बताई जायेगी, जिससे बच्चे घर पर भी आसानी से ईको फ्रेंडली गणेश बना सकते है और अपने परिचितों को भी ईको फ्रेंडली गणेश बनाने की विधि बता सकते है। मूर्तिकला विषय विशेषज्ञ श्री यादव बच्चों को ईको फ्रेंडली गणेश बनाने का प्रशिक्षण देंगे।

### प्रदेश के स्कूलों में 23 अगस्त को मनाया जायेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के स्कूलों में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर सभी स्कूलों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त, 2023 को चन्द्रयान-3 की सफलता के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष इस दिन को अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में 22 और 23 अगस्त को स्कूलों एवं शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित सम्मेलन, कार्यशाला और प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की तरफ प्रेरित करना और उनकी जागरूकता के अनुसार उनके समाधान बताना रहेगा। इस वर्ष अंतरिक्ष दिवस का विषय चन्द्रमा को छूते हुए जीवन को छूना = भारत की अंतरिक्ष गाथा'' रखा गया है। इस संबंध में केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने भी अंतरिक्ष दिवस की विषय-वस्तु को ध्यान में रखते हुए सभी राज्य सरकारों को निर्देश जारी किये हैं।आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने 22-23 अगस्त को होने वाले अंतरिक्ष दिवस के कार्यक्रम के बारे में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है।

# समाज एवं उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप पाठ्यक्रमों का निर्माण प्राथमिकता-तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए गठित टॉस्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में वर्तमान परिदृश्य और आगामी कार्ययोजना को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।



मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत पुरुषार्थी और शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में सर्वश्रेष्ठ रहा है। हम सभी को अपने गौरवशाली इतिहास, दर्शन और गौरवशाली ज्ञान परम्परा पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। सामाजिक परिवेश में भारतीयता के भाव की जागृति की आवश्यकता है। भारत का समाज परंपरागत कौशल में निपुण समाज रहा है। श्री परमार ने कहा कि तकनीकी शिक्षा में परंपरागत कौशल (स्किल) को आधुनिक तकनीक से समृद्ध बनाने की दिशा में क्रियान्वयन हो। युगानुकुल आवश्यकता अनुरूप भारतीय ज्ञान परम्परा का तकनीकी शिक्षा में तथ्यपूर्ण समावेश किया जाए। श्री परमार ने स्थानीय एवं परंपरागत कौशल एवं तकनीकों के संरक्षण को लेकर कार्ययोजना बनाने को कहा। प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को बेहतर और सर्वोत्कृष्ट बनाए जाने के लिए आवश्यक हर संभव क्रियान्वयन हो, जिससे प्रदेश देश में तकनीकी शिक्षा में प्रभावी प्रदेश के रूप में स्थापित हो सके। श्री परमार ने कहा कि समाज के प्रश्नों का समाधान शिक्षा से ही संभव है। समाज एवं उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता से रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के निर्माण किए जाएं।

श्री परमार ने कहा कि भारत को ज्ञान के क्षेत्र में पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। मंत्री श्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत द्वारा किये गए प्रावधान एवं क्रियान्वयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनरीक्षण, नवीनतम पाठ्यक्रमों का समावेश ,बहु विषयक शिक्षा,अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट , क्रेडिट फ्रेमवर्क, स्टूडेंट परफॉरमेंस इंडेक्स एवं संस्थानों की रैंकिंग सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री परमार ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों में मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट, ऑनलाइन एवं डिजिटल शिक्षा, भारतीय ज्ञान परम्परा (क्वुरस) एवं वैल्यू एजुकेशन, शोध एवं अनुसंधान, मातृभाषा (हिंदी) में पाठ्यक्रम, पुस्तकें एवं परीक्षा, मातृभाषा में पुस्तकों का अनुवाद, रोजगार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता, डिजिटल यूनिवर्सिटी और कोडिंग लैब सहित विभिन्न विषयों पर भी व्यापक विमर्श कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। श्री परमार ने इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों की राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंकिंग के लिए आवश्यक सभी प्रबंधन एवं गुणवत्ता सुधार के लिए भी निर्देशित किया।

## मोतियाबिन्द अंधत्व बैकलॉग मुक्त करने एनएचएम और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच एमओयू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच त्रिपक्षीय एमओयू किया गया है। इसके तहत प्रदेश के हर जिले में एक ब्लाक को मोतियाबिंद अंधत्व बैकलॉग मुक्त करने के लिए समेकित प्रयास किया जायेगा।



एनएचएम कार्यालय भोपाल के सभाकक्ष में मिशन संचालक एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं 7 ज़िलों (भोपाल, जबलपुर, विदिशा, इंदौर, सतना, ग्वालियर एवं नरसिंहपुर) की 12 स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बीच एमओयू साईन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ज़िलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यकम प्रबंधक (अंधत्व) एवं उप जिला कार्यकम प्रबंधक (अंधत्व) उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों का नेत्र परीक्षण, डायबिटिक रेटिनोपैथी, आरओपी, सभी अन्य नेत्र-रोगो में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम में निहित सहयोग दिये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

## परीक्षण संभाग बीना उत्कृष्ट कार्यदक्षता के लिए मध्यप्रदेश में प्रथम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) परीक्षण संभाग बीना ने परीक्षण एवं संचार के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने का गौरव पाया है। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में बीना को यह पुरस्कार प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी एवं मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य अभियंता श्री के.के. मूर्ति ने प्रदान किया। परीक्षण संभाग बीना को यह पुरस्कार वर्ष 2023-24 में दक्षता प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) के आधार पर पूरे प्रदेश में परीक्षण संबंधित सर्वोत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिये प्रदान किया गया है। प्रशस्ति पत्र और ट्राफी मुख्य अभियंता श्री प्रवीण गार्गव, कार्यपालन अभियंता श्री अर्चित श्रीवास्तव सहायक अभियंता, श्री रजत जैन ने प्राप्त किया।



# मंकीपॉक्स के नियंत्रण एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मंकी पॉक्स से बचाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाये और आवश्यक प्रबंध किए जायें। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिशानिर्देश जारी कर दिये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन अनुसार संदिग्ध प्रकरणों को चिन्हाकिंत स्वास्थ्य सुविधाओं में अलग रखा जाएगा। उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा आइसोलेशन समाप्त करने का निर्णय लेने पर ही स्वास्थ्य संस्था से डिस्चार्ज करने के निर्देश हैं। ऐसे सभी संभावित प्रकरण एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के जिला सर्विलेंस अधिकारी की निगरानी में रहेंगे। संभावित संक्रमण की स्थिति में मंकीपॉक्स वायरस परीक्षण के लिए प्रयोगशाला का सैंपल एनआईवी पुणे भेजे जाएँगे।



मंकीपॉक्स का पॉजिटिव प्रकरण पाये जाने पर कांटैक्ट ट्रेसिंग कर विगत 21 दिनों में रोगी के संपर्क में आये व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश हैं। मंकीपॉक्स बीमारी का केंद्र वर्तमान में अफ्रीका के देशों में है। इस बीमारी का प्रथम प्रकरण भारत में 14 जुलाई 2022 को केरल में पाया गया था, उसके बाद 30 लेबोरेटरी कन्फर्म प्रकरण केरल एवं दिल्ली में पाये गयें, 27 मार्च 2024 के बाद कोई नया प्रकरण नहीं पाया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 14 अगस्त 2024 को (मंकीपॉक्स) बीमारी को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ़ इंटरनेशनल कंसर्न (पीएचईआईसी) घोषित किया गया है।

मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है जो मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्रों में पायी जाती है। मंकीपॉक्स से संक्रमित रोगी को सामान्यतः बुखार, रेश और लिम्फ नोड्स में सूजन पाई जाती है। कुछ रोगियों में चिकित्सकीय जटिलताएं हो सकती हैं। मंकीपॉक्स एक स्व-सीमित संक्रमण है जिसके लक्षण सामान्यतः 2-4 सप्ताह में समाप्त हो जाते है। गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1-10त्न प्रतिशत है।

## प्रदेश में 16 से 22 अगस्त को संस्कृत सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रावण मास में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से 16 से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्ध सभी शासकीय, अशासकीय, परम्परागत संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियाँ और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन 16 अगस्त को संस्कृत शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएँ दी गईं। इसके साथ ही संस्कृत विषय के शिक्षकों ने संस्कृत भाषा में किये जा रहे शोधों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। सप्ताह के दूसरे दिन 17 अगस्त को शिक्षण संस्थाओं में संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एकल गीत के साथ सामूहिक गीतों की भी प्रस्तुतियाँ दी गईं। सप्ताह के तीसरे दिन 18 अगस्त को सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विषयों पर केन्द्रित विषय-विशेषज्ञों के व्याख्यान आयोजित किये गये। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं में विशेष रूप से आज के दौर में संस्कृत क्यों आवश्यक है विषय पर व्याख्यान दिये गये। सप्ताह के दौरान चौथे दिन 19 अगस्त को श्रावणी उपाक्रम, वेद-पूजन तथा वेदपाठ किये गये। इसमें छात्रों की भागीदारी अधिक से अधिक हो, यह सुनिश्चित किया गया। सप्ताह के पाँचवें दिन 20 अगस्त को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सम्पर्क कर संस्कृत पाठ्यक्रम के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। सप्ताह के छठवें दिन 21 अगस्त को शिक्षण संस्थाओं में गीत, कविता एवं संस्कृत भजन संध्या का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतिम दिन 22 अगस्त को प्रदेश की समस्त संस्कृत शिक्षण संस्थाओं में संस्कृत विद्वानों के व्याख्यान होंगे।

# भोपाल जिले में धारा -163 लागू - 17 अगस्त 2024 से आगामी दो माह तक आदेश जारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल शहर की कानून एवं व्यवस्था एवं यहां स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण लोक संपत्तियों तथा मानव जीवन को किसी भी प्रकार से कोई खतरा न हो, इसको रोकने के लिए निम्न कार्यवाही किया जाना प्रासंगिक है। पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायणाचारी मिश्र ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नगरीय क्षेत्र भोपाल में 17 अगस्त 2024 से आगामी दो माह तक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार कोई भी मकान मालिक जो अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर देते है तो वह ऐसा करने के एक सप्ताह के भीतर किरायेदार अथवा पेइंगगेस्ट का विवरण निर्धारित प्रारूप में भरकर संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिज़न पोर्टल पर आवश्यक रूप से देगे।2.पूर्व से रह रहे किरायेदार या नौकर का विवरण भी निर्धारित प्रारूप में भरकर यह आदेश जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के भीतर में संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिज़न पोर्टल पर आवश्यक रूप से देगे।

3. किसी भी व्यक्ति का घरेलू नौकर या उनका सहायक का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर या मध्यप्रदेश पुलिस सिटिज़न पोर्टल पर देंगे। 4 होटल, लॉज, धर्मशाला, रिसोर्ट के प्रबंधक, मालिक उनके यहाँ ठहरने वाले व्यक्तियों का व्यक्तिगत विवरण पूर्ण रूप से रजिस्ट्रर में दर्ज करेंगें एवं इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर जो भी स्थानीय स्तर पर प्रक्रिया निर्धारित की जाए उस अनुसार देगे। 5 छात्रावास संचालक छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं का विवरण निर्धारित प्रारूप मां आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर देगे। 6.ठेकेदार / भवन निर्माणकर्ता निर्माण कार्य में लगे मजदूर / कारीगरों का विवरण निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से संबंधित थाने पर देगे। 7.कोई भी ट्रेवल्स एजेंसी अपने वाहन को किसी को भी किराये पर देने के पूर्व उसकी पहचान की तस्दीक कर लेवें इस पहचान पत्र की छायाप्रति अपने पास संधारित करेंगें एवं आवश्यक पहचान स्थापित होने के बाद ही वाहन दिया जाए। चूंकि यह आदेश भोपाल शहर में रह रहे प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है यह आदेश जारी दिनांक से आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह भी आदेशित किया गया है कि इस आदेश की सूचना ध्वनि विस्तारक यंत्र से भोपाल शहरीय सीमा क्षेत्रों में दी जाए तथा आदेश की एक प्रति कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर, नगर निगम कार्यालय, पुलिस थाना एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर चस्पा की जाए।

# सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को करानी होगी केवायसी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जिस तरह से सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों से केवायसी कराई जाती है, ठीक उसी तरह अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भी अपने उपभोक्ताओं को सुविधा देने एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए केवायसी करने जा रही है। इससे राज्य शासन की योजना का सीधा लाभ मिलने में कोई कठिनाई नहीं होगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग?वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली संबंधी व्यक्तिगत विवरण को कंपनी के रिकार्ड में अपडेट करने के लिए नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया के तहत बिजली उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत जानकारी जैसे समग्र आईडी, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता इत्यादि की जानकारी को अपडेट किया जाएगा। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा केवायसी प्रक्रिया से वास्तविक उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन एवं उनके भार की स्थिति का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे कंपनी कार्यक्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के भविष्य में विस्तार की योजना बनाने में आसानी होगी। साथ ही कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सही पहचान और मोबाइल नंबर को सटीक रूप से टैग करने में मदद करेगी, जिससे कंपनी की सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कंपनी के अधिकृत मीटर रीडर द्वारा की उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया का कार्य किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया से बिजली उपभोक्ताओं को जहां राज्य शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लाभ अंतरण योजना के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकेगा वहीं दूसरी ओर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नो योर कंज्यूमर (केवायसी) प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कंपनी का अधिकृत मीटर रीडर, कंपनी फोटो आईडी से लैस होकर उपभोक्ता के घर का दौरा करेगा और पीओएस मशीन में निष्ठा एप का उपयोग करके केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करेगा। मीटर रीडर उपभोक्ता से समग्र आईडी मांगेगा और समग्र डेटाबेस में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए हृ्रञ्जक्क के माध्यम से इसे सत्यापित करेगा। इसके अलावा मीटर रीडर उपभोक्ता के स्वीकृत लोड, परिसर की फोटो और बैंक खाता की जानकारी एकत्र करेगा। शहरी क्षेत्रों में मीटर रीडर उपभोक्ता से परिसर की संपत्ति आईडी भी मांगेगा।

# आरईएस एवं नगर पालिका में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराने हेतु कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अगुवाई में पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्षगण विनोद वर्मा, आनंद सिंह शेर, आकाश सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, महामंत्री ओंकार सिंह, मेनका सिंह सहित कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर सीधी से मुलाकात कर आरईएस विभाग एवं नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा कराए गए गुणवत्ता विहीन कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आर ई एस विभाग के द्वारा संपूर्ण जिले में बेहद ही गुणवत्ता विहीन विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। जिसमें सभी कार्य बेहद गुणवत्ताविहीन मिले। एक ही बरसात में लाखों करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई सड़क, पुल, तालाब, चेक डैम, बोल्डर डैम पहली बरसात में ही पूरी तरह से धराशाई हो गए है। विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी और अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदारों की मिलीभगत से जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे का दुरुपयोग कर व्यापक भ्रष्टाचार किया गया है। चुरहट विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया द्वारा विधानसभा में मुद्दा उठाए जाने के बाद जांच कराने के निर्देश दिए गए थे, जिले में आरईएस विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जांच के टीम गठित की गई थी, उम्मीद थी कि जांच टीम निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की उचित जांच करेगी लेकिन यह टीम सिर्फ खानापूर्ति करने आई थी। निर्माण कार्यों की जांच करने के बजाय कागजों में ही जांच निपटा दी गई है। लगातार शिकायतों की अनदेखी की जा रही है एवं शिकायतों की जांच के नाम पर लीपापोती होती हो रही है।

**नगर पालिका परिषद बना भ्रष्टाचार का गढ़:** श्री सिंह ने आगे बताया कि इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सीधी में भी निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन कराए जा रहे हैं। जनता और शासन के पैसे का दुरुपयोग कर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस संबंध में अजय सिंह के निर्देशन पर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर दोनों विभागों में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि हमारे द्वारा अवलोकन के पश्चात विभागीय कार्यों की एक पूरी सूची तैयार करके कलेक्टर महोदय को सौंपा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि मंडल द्वारा अवलोकन पश्चात घटिया निर्माण कार्यों की सूची एवं विषय प्रस्तुत कर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की

आर ई एस के प्रभारी कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी ने अपनी पदस्थापन के पूर्व में भी जो निर्माण कार्य हुए थे और वह पूर्ण हो चुके थे सीसी जारी कर दी गई थी उन कार्यों की जो डिफरेंट राशि बची हुई थी उस राशि को भी दो दो लाख के पीस वर्क के माध्यम से फर्जी कार्यों को दिखा कर करोड़ों का घोटाला किया गया जबकि उक्त राशि शासन को वापस की जानी चाहिए थी उनके द्वारा पीस वर्क में कराए गए कार्यों के लिए अखबारों के माध्यम से कोई निविदा भी जारी नहीं की गई और अपने चहेतो को पीस वर्क के माध्यम से उपकृत किया गया। ऐसे ही पीस वर्क में नरेगा योजना को जोड़कर कार्यदिश जारी कर अपने कार्यकाल के कार्यों में भी डिफरेंट राशि का करोड़ों का घोटाला किया गया। उक्त सभी कार्यों की जांच कराया जाना अति आवश्यक है।

**नगर पालिका के भ्रष्टाचार की जांच हेतु दिया जोर:** नगर पालिका परिषद सीधी के सभी वार्डों में पीसीसी सड़क आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों में व्यापक पैमाने पर गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया है बेहद खराब गुणवत्ता के निर्माण कार्य हुए हैं जो कार्य पूर्ण होने के पहले ही जर्जर हो रहे हैं। सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य कराया गया जो अभी से उखाड़ना शुरू हो गए हैं, पेवर की क्वालिटी के साथ समझौता किया गया एवं लगाने का कार्य अत्यंत घटिया तरीके से किया गया है। नगर पालिका परिषद के निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है बेहद खराब क्वालिटी के निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कार्यों में किया जाता है एवं मटेरियल के फर्जी गुणवत्ता प्रमाण पत्र जमा किए जाते हैं। शहर के अंदर सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है सफाई कार्य के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी अन्य कार्यों में संलग्न रहते हैं जिससे व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सभी वार्डों में कचरा दान की व्यवस्था कराई जाए, जिससे नियत स्थान पर कचरा एकत्रित हो बाजार में दो दुकानों के बीच एक कूड़े दान की व्यवस्था कराई जाए, वार्ड के अंदर हो रहे निर्माण कार्यों के पूर्ण हो जाने पर कार्य की पूर्णता और उसकी गुणवत्ता से संबंधित पूर्णता एवं गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु वार्ड पार्षदों को अधिकृत किया जाए एवं उनके द्वारा गुणवत्ता एवं पूर्णता का प्रमाण पत्र जारी होने के बाद ही संविदाकार का भुगतान किया जाए, जिससे कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता सुनिश्चित की जा सके।

**पेयजल की समस्या का नही मिला निजात:** सौपे गये पत्र के माध्यम से कॉग्रेस पार्टी ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि पेयजल के लिए बिछाई जाने वाली पाइपलाइन की गुणवत्ता और किया गया कार्य बेहद खराब स्तर का है। जिससे यह योजना आज तक पूरी नहीं हो सकी, लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है इस योजना की समीक्षा कर हुए भ्रष्टाचार की जांच की जाए। पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन के लिए सड़क के किनारे खुदाई कर दी गई है लेकिन सही तरीके से पटाई नहीं की गई है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

**नपा की जेडी कार्यालय में हुई शिकायत, हुई बेकार:** पूर्व में निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत जेडी कार्यालय रीवा में की गई थी जांच उपरांत कुछ संविदाकारों का भुगतान कुछ प्रतिशत रोक कर किया गया था और संविदाकारों को निर्देशित किया गया था कि अपने किए गए कार्य की गुणवत्ता में सुधार कर मरम्मत का कार्य करें लेकिन आज तक संविदाकारों द्वारा निर्माण कार्यों में सुधार नहीं किया गया

## जिले में धूमधाम से मना कजलियां का त्यौहार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले में आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक कजलियां पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान जगह.जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कजलियों का त्योहार पारंपरागत रूप से मनाया गया। जहां महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि ने अपनी सहभागिता निभाई। नदी, तालाब और सरोबर में टोकरी और मिटटी को विसर्जित कर कजलियां लेकर लौटी महिलाओं व कन्याओं ने सबसे पहले अपने आराध्य प्रभु को कजलिया अर्पित कर अपने घर के सदस्यों सहित परिवार एवं आस पड़ोस के लोगों को कजलियां दी। जहां बड़े.बुजुर्गों ने छोटों को आशीर्वाद दिया तो वहीं छोटों ने बड़ों को प्रणाम किया।

उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के दूसरे दिन कजलियां मनाने का यहां की पुरानी परंपरा है जो आज भी जिले में जीवंत है। सभी जाति.धर्म के लोग एक.दूसरे को कजलियां देकर शुभकामनाएं दी तथा आपसी भाईचारे को बढ़ावा दिया। जिला मुख्यालय में गोपाल दास मंदिर एवं अन्य प्रमुख मंदिरो में भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। इसी क्रम में जिले के आदिवासी अंचल भुईमाड़ क्षेत्र मे भी मंगलवार को कजलियां का त्यौहार विशेष धूमधाम से मनाया गया है। यह त्यौहार ग्रामीण जीवन की सरलता और परंपरा को जीवित रखता है। कजलियां का त्यौहार विशेषकर फसल की अच्छी उपज और समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस त्यौहार की तैयारी गांव में दो सप्ताह के पहले से शुरू हो गई थी। मंगलवार को त्यौहार के खास मौके पर गांव के लोग सज.धजकर परंपरागत परिधानों में सुसज्जित होकर महिलाएँ अपने रंग.बिरंगे परिधान में नजर आयें। भजन, गीत गाए गाते हुए भुईमाड़ क्षेत्र के देवरी बांध पंहुचे जहां कजलियां को धोकर एक दूसरे को अदान प्रदान करते हुए गले मिलकर एवं बडो़ से आर्शीवाद लेते हुए त्यौहार को मनाएं।

## विश्व हिंदू ने कलाकारों को किया सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** श्रावण मास में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक निरन्तर ओम् नमः शिवाय का जाप, भजन कीर्तन संगीत कलाकारों द्वारा विश्व हिन्दू महासंघ सीधी के तत्वावधान में किया गया। जो शहर के 29 परिवारों के आवास पर किया गया। उक्त कार्यक्रम का समापन समारोह स्थानीय गोपाल दास मन्दिर में दान बहादुर सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी के मुख्य अतिथि, शत्रुघ्न दास महाराज के अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह तथा संविदाकार जीवेन्द्र सिंह लल्लू के विशिष्ट अतिथि में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कलाकार राम शिरोमणि मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, विपिन पांडे, अभिमन्यु सिंह, रविकर सिंह बाघेल, महेंद्र सिंह चौहान, संतलाल विश्वकर्मा, अशोक पटेल एडवोकेट, के.के. तिवारी, मनीष शुक्ला तथा संकरण प्रसाद मिश्र के साथ अन्य कलाकारों का तिलक लगाकर अंग वस्त्र के साथ मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। तथा कार्यकर्ताओं में शशिभा गौतम, पुष्पा सिंह, सुनीता सिंह, कल्पना सिंह, विक्रम सिंह चौहान, विनय सिंह बाघेल, विमल सिंह सहित अन्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय शुक्ला द्वारा किया गया।

## सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में एसटी/एससी/पिछड़ा वर्ग

### युवा संघ ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन, सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** एससी, एसटी आरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर फैसले के विरोध में पन्ना में एसटी/एससी और पिछड़ा वर्ग युवा संगठन ने जमकर विरोध किया। पन्ना कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को फिर से संशोधित करने की मांग की। उक्त प्रदर्शन में ल बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी और पिछड़ावर्ग के कुछ संगठन शामिल हुए। दरअसल पन्ना जिले में बहुजन समाज पार्टी,भीम आर्मी और पिछड़ावर्ग युवा संगठन ने सयुंक्त रूप से पन्ना में भारत बंद का आह्वान किया। लेकिन इसका शहर में कुछ विशेष असर दिखाई नहीं दिया।

1 अगस्त को जारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में अनुसूचित जाति जनजाति में जातिगत आरक्षण के उपवर्गीकरण संबंधित आदेश निरस्त किए जाने की मांग को लेकर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की गई। साथ ही पन्ना अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

उक्त सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित करने की मांग की।एसटी/एससी वर्ग विभिन्न संगठनों का मानना है कि उक्त फैसले के अनुसार,राज्यों को सरकारी सेवाओं में भर्ती करते समय अनुसूचित जाति और जनजाति के उपवर्गों के आधार पर आरक्षण का लाभ देने का निर्देश दिए गए हैं। जोकि पूरी तरह से समाज की एकता को खत्म करने के उदेश्य से दिया गया है। आरक्षण के उपवर्गीकरण से अनुसूचित जातियों और जनजातियों के भीतर विभाजन और आपसी असंतोष बढ़ सकता है।सामाजिक विभाजन गहरा होने की संभावना है।यह निर्णय समाज में फूट डालो शासन करो कि नीति पर अधारित हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश से पूरे देश में समाज में असंतोष फैल गया है। इससे देश में भय और डर का माहोल है। इस तरह के आदश देश हित में नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से अनुसुचित जाति जनजाति के समाजिक संगठनों ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

# थाने पर पथराव, टीआई समेत 3 घायल

### जान बचाकर भागे पुलिसकर्मी, भीड़ को खदेड़ने हवाई फायरिंग, 30 लोग हिरासत में



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में एक समुदाय को लेकर किसी शख्स के आपत्तिजनक कमेंट से नाराज लोगों ने बुधवार शाम को सिटी कोतवाली पर पथराव कर दिया। भीड़ ने पहले नारेबाजी की। फिर देखते ही देखते पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसमें थाना प्रभारी अरविंद कुंजर, आरक्षक भूपेंद्र कुमार और एडीएम के गनमैन राजेंद्र चढ़ार घायल हो गए। टीआई की हालत गंभीर है, जिनका ईसीयू में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही कलेक्टर पार्थ जायसवाल और एसपी अगम जैन अस्पताल पहुंचे। कलेक्टर ने बताया कि पथराव में टीआई और दो पुलिसकर्मियों को चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है। अभी मैं एसपी के साथ शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकला हूं, हालत के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस ने करीब 30 लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा है। इनमें कुछ महिलाएं भी हैं।

**शिकायत लेकर पहुंचे थे, हाथ में हथियार भी थे:** दरअसल, पूरा विवाद एक समुदाय को लेकर किसी व्यक्ति की आपत्तिजनक टिप्पणी से शुरू हुआ। इससे नाराज समुदाय के लोग बुधवार शाम करीब 5 बजे थाने में शिकायती आवदेन लेकर पहुंचे थे। धीरे-धीरे और लोग जमा होते गए। सभी थाने के बाहर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान भीड़ में कुछ लोग पुलिस को हथियार और हाथ में पत्थर लिए नजर आए। पुलिस ने मेन गेट बंद कर दिया।

**भीड़ ने पथराव शुरू किया, पुलिसकर्मी थाने के भीतर भागे:** मेन गेट के बंद होते ही भीड़ ने और जोर से नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ पुलिसकर्मी उन्हें शांत करवाने बाउंड्री वाल पर चढ़े। वे उन्हें शांत रहने की बात कहते रहे। टीआई अरविंद कुंजर भी आवेदन लेने थाने बाहर निकले। वे मेन गेट पर पहुंचे ही थे कि भीड़ में आए लोग विवाद करने लगे। बाहर से पथराव शुरू हो गया। बांउड्रीवॉल पर खड़े जवान कूदकर थाने के अंदर भागे।

**टीआई को सिर, हाथ, पैर और सीने में पत्थर लगे:** वहीं, टीआई ने भी खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वे बच नहीं पाए। उनके साथ एक पुलिसकर्मी भी पत्थर लगने से घायल हो गए। टीआई को सिर, हाथ, पैर और सीने में पत्थर लगे हैं। पूरे घटनाक्रम का कुछ पुलिसकर्मियों ने वीडियो भी बनाया। इसमें एक महिला पुलिसकर्मी कहती सुनाई दे रही है कि, परिसर में जो गाड़ी खड़ी है, उसमें कुछ लोग बैठे हैं। वे मर जाएंगे, उन्हें बाहर निकालिए।

**घायलों ने कहा- भागने के दौरान लगा पत्थर:** घटना में घायल एडीएम के गनमैन राजेंद्र चढ़ार और आरक्षक भूपेंद्र कुमार ने बताया कि, थाने के बाहर करीब 600 से 700 लोग जमा थे। उन्होंने आवेदन देने के दौरान बहस की। वे कमेंट करने वाले व्यक्ति पर एफआईआर की मांग कर रहे थे। फिर अचानक दूसरी ओर से पथराव शुरू हो गया। हम सभी पत्थर से बचने के लिए इधर-उधर भागे। इस दौरान एक पत्थर आकर सीधे मेरे सिर पर लगा। इसके बाद और पत्थर आकर लगे।

**डीआईजी बोले- दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी:** डीआईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि, 300 से 400 लोगों की भीड़ ज्ञापन देने आई थी। इनका कहना था कि उनके धर्म को लेकर गलत टिप्पणी की गई है। संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। भीड़ अचानक उग्र हो गई और पथराव शुरू कर दिया। करीब 10 मिनट तक पत्थरबाजी हुई।

## नगर परिषद रामपुर नैकिन में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु युवाओं ने सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नगर परिषद रामपुर नैकिन क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर युवाओं ने मिनी अग्रवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मिलकर नगर परिषद की समस्याओं से अवगत कराया साथ ही त्वरित निराकरण की बात रखी गयी।

स्थानीय युवाओ ने सीएमओ को मौजूदा समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 1 मुर्तला पवाई मे स्थित तालाब नगर परिषद अंतर्गत सबसे बड़ा तालाब है। जिसका दायरा दिन ब दिन सीमित होता जा रहा है, तालाब का सीमांकन कराकर उसका दायरा सुरक्षित किया जाए। तालाब में चारो ओर मौजूदा गंदगी एवं वर्षो से साफ सफाई के अभाव में गहराई ना होने के कारण जल भराव की स्थिति जल्द ही निर्मित हो जाती है। जिससे लोगों को तालाब फूटने का डर बना रहता है। नगर परिषद वार्ड क्रमांक 1,2 एवं 3 में वर्षा का पानी निकासी की समस्या वर्षो से यथावत है। नगर परिसद के कई स्थलों पर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसका मरम्मतीकरण कराया जाए। नगर परिषद अंतर्गत सड़कों पर आवारा पशुओं के ठहराव के कारण आए दिन रोड में जाम लगा रहता है व दुर्घटना की आशंका रहती है एवं वाहन चालको द्वारा दुर्घटना कारित की जाती है। जिससे गोवंशों के साथ.साथ आम जनो को भी भारी हानि होती है। माग पत्र सौंपने वालों में प्रमुख रूप से विमलेश तिवारी, पवन तिवारी, कमल सिंह, पंकज तिवारी, सैलेंद्र कोल, अनुराग तिवारी, अखिल केवट, सुनील तिवारी, मुनेश सिंह बैंस, पीयूष मिश्रा, रामकृष्ण तिवारी एवं दर्जन भर युवा उपस्थित रहे।

# मछली पकड़ने गया युवक नदी में बहा

### तीसरे दिन रेस्क्यू टीम को मिला शव, पुलिस ने किया मर्ग कायम

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** पपौंध थाना के तेंदुआ गांव में सोन नदी में मछली पकड़ने गया युवक का तीसरे दिन नदी में शव मिला है। युवक सोमवार की शाम नदी में मछली मार रहा था तभी पानी के तेज बहाव में बह गया। रात भर जब वह घर वापस नहीं लौटा तब जाकर परिजन उसकी तलाश करने नदी पहुंचे तब जा कर यह पता लगा की नदी के तेज बहाव में युवक बह गया है। तीसरे दिन बुधवार को युवक का शव रेस्क्यू टीम में ढूंढ निकाला है।

बताया गया कि युवक भीमसेन कोल (25) तेंदुहा का रहने वाला था और वह रोज की तरह सोमवार को भी नदी में मछली पकड़ने गया हुआ था, लेकिन रात भर जब वह वापस घर नहीं लौटा तब जाकर मंगलवार की सुबह परिजन युवक को तलाश करते-करते नदी पहुंचे। जहां युवक के कपड़े नदी के किनारे देख परिजन यह समझ गए कि वह नदी के तेज बहाव में बह गया होगा। जानकारी लगते ही पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलवाया और लापता युवक की तलाशी शुरू की। मंगलवार की सुबह से शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया लेकिन युवक का पता नहीं चल पाया। बुधवार की सुबह दोबारा एसडीआरएफ की आठ सदस्य टीम नदी में उतरी और तेज बहाव में बहे युवक की तलाशी शुरू की। जिस स्थान में युवक डूबा था, वहां से लगभग 100 मीटर की दूरी के झाड़ियों में उसका शव मिला है। जिसे बहार लाया गया है।

पपौंध थाना प्रभारी एमएल वर्मा ने बताया कि सोमवार की शाम से लापता युवक का शव बुधवार को एसडीआरएफ की टीम को नदी में मिला है। मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। युवक नदी में मछली पकड़ने गया था इसी दौरान वह तेज बहाव में बह गया था।

## तेज रफ्तार बाइक ट्रक में घुसी

### मौके पर एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर जिले में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक के नीचे जा घुसी। सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर हैं। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में चल रहा हैं। वही दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतमा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हैं।

घटना की जानकारी देते हुए एसडीओपी सुमित क्रेरकेट्टा ने बताया कि कोतमा बिजुरी नेशनल हाईवे में राखड की गाड़ियां खड़ी हुई थी। तभी कोतमा की तरफ से आ रहें मोटरसाइकिल में सवार दो युवक राखड से लोड खड़ी ट्रक में जा घुसे।

इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल में परमेश्वर केवट पिता राम प्रसाद केवट उम्र 35 वर्ष निवासी भालूगुड़ा बिजुरी की मौत हो गई। वहीं विशाल कोल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसका इलाज चल रहा है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है।

# बैंक की परीक्षा देने गई युवती लापता हुई

### परिजनों बोले- लव जिहाद का हुआ, विश्व हिंदु परिषद कार्यकर्ताओं के साथ सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर एजेंसी।** जिले से 17 अगस्त को सागर से लापता हुई बिजावर थाना क्षेत्र के ग्राम पिपट की युवती के परिजनों ने मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंप। आरोप लगाया कि लड़की को बिजावर का एक युवक लव जिहाद में फंसाकर अपने साथ भगा ले गया है। वीएचपी ने ज्ञापन सौंपने के बाद दो दिन में बच्ची को सकुशल परिजनों तक पहुंचाने की मांग की है। साथ ही कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार देर शाम संबंधित युवक को लड़की के साथ नौगांव शहर में पकड़ लिया गया, दोनों से पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, लापता लड़की की मां ने बताया कि गत 12 अगस्त को बिजावर निवासी रानू खान ने उसके बेटे को धमकी दी थी कि वह उसकी बहन को जबरन भगा ले जाएगा और उससे शादी करेगा। लड़के ने घर आकर परिजनों को इस धमकी के बारे में बताया था लेकिन परिजनों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद 17 अगस्त को लड़की सागर के जैन कॉलेज में बैंक का पेपर देने गई थी। लड़की के साथ उसके पिता भी थे जो कॉलेज के बाहर उसके आने का इंतजार कर रह थे। लेकिन काफी देर तक लड़की नहीं लौटी। तब पिता के पड़ताल करने पर पता चला कि लड़की बिजावर निवासी रानू खान के साथ गई है।

लड़की की मां का आरोप है कि रानू खान ने स्वयं को हिंदु बताकर उसकी बेटी को अपने जाल में फंसाया है। 17 अगस्त को सागर जिले के मकरोनियां थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। मंगलवार दोपहर में ज्ञापन सौंपने पहुंचे मानिक चौरसिया, विहिप जिला मंत्री रामगोपाल यादव, मयूर बाधवानी विहिप जिला सहमंत्री ने अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह को मामले से अवगत कराकर दो दिन में बेटी को सकुशल परिजनों तक पहुंचाने की मांग की।

वहीं दूसरी ओर बिजावर नगर के डाकखाना चौराहा पर कथित लव जिहाद की घटना को लेकर दोपहर में ही विश्व हिन्दु परिषद ओर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम भी किया। एसपी अगम जैन ने बताया कि परिजनों और हिंदु संगठनों से मिली शिकायत को संज्ञान में लेकर सागर और छतरपुर की पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बुलेट में लगी अचानक आग

### सरकारी अस्पताल से लाया अग्नि शमन यंत्र निकला खाली, बाइक जलकर खाक

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलियस नंबर 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप बुधवार उस समय अफरा तफरी मच गई जब सड़क किनारे खड़ी एक बुलेट में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में बुलेट पुरी तरह जलकर खाक हो गई।

धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 5, निवासी दिग्विजय सिंह पिता स्वर्गीय राजमणि सिंह बाजार से अपनी बुलेट एमपी 18 एमएल 4236 से उतरे और गाड़ी को स्टैंड मे लगाया। कुछ देर में उन्हें धुंआ निकालता नजर आया। इससे पहले कि उन्हें कुछ समझ आ पाता गाड़ी से आग की लपटे निकलने लगी। जिसे देख वहां अफरा तफरी मच गई। जब तक आग को बुझाया जाता, गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। बुलेट में जिस जगह आग लगी, वह स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी से महज चंद कदम दूर था। जब लोगों ने देखा कि बुलेट से आग की लपटे निकल रही है, तो कुछ लोग दौड़कर अस्पताल गए।

# विचार

## भारतीय कृषि का अमृतकाल

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने 6 सूत्री रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी है अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित की हैं। 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले 5 वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है, जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढिया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है, जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है। हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊर्जादाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27,663 करोड़ रुपए था, जो 2024-25 में बढ़कर 1,32,470 करोड़ रुपए हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है।

# सामाजिक समरसता से बनेगा सशक्त भारत

प्रो. संजय द्विवेदी

**समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रताः।' प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर, नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है। काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं- 'मर्नु भवः' यानि मनुष्य बनो। यही बाद बाद में गालिब के मुंह से निकलती है-**



**यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना**
**आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।**

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं। हमारे समाज में मनुष्य बनाने के स्कूल थे। हमारा परिवार, समाज और विद्यालय तथा धर्मगुरु इस प्रक्रिया को संभव करते थे। मनुष्य-मनुष्य में भेद को हमने अपराध माना। इसीलिए गुरू घासीदास कहते हैं- मनखे-मनखे एक हैं। इसी बात को गांधी छुआछूत के संदर्भ में कहते हैं- अस्पृश्यता ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध है। हिंदू समाज में आई जड़ता को तोड़ने के लिए समय-समय पर सुधारवादी आंदोलन चलते रहे हैं। हिंदु स्वयं एक ऐसा समाज है, जिसने अपने आत्मसुधार के लिए निरंतर यत्न किए हैं। हम सब ऋषियों की संतति हैं यह भाव लेकर काम करते रहे हैं। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, कबीर, नानक, गुरू गोरखनाथ, गुरू घासीदास, संत रविदास से लेकर एक पूरी परंपरा जड़ताओं और कुरीतियों पर प्रहार करते हुए आत्मालोचन के लिए प्रेरित करती रही है। समय के सच को समझना और अपने समय के कठिन सवालों से जूझना हिंदुत्व की प्रकृति रही है। गुलामी के कालखंड में आई कुछ नकारात्मक वृत्तियों को समाप्त करने के लिए राजा राममोहन राय, महात्मा गांधी, बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, पंडित सुंदरलाल शर्मा जैसे अनेक नायक हमारे समाज में समरसता के मंत्रदृष्टा बनकर आते रहे हैं। कोई भी समाज कुरीतियों से मुक्त नहीं है। हर समाज में समय के साथ कुछ गिरावट आती है। मूल बात यह है कि क्या समाज अपनी गिरावट के विरूद्ध तनकर खड़ा होता है या नहीं। उसमें आत्मालोचन और आत्मसमीक्षा की प्रवृत्ति है या नहीं। हिंदु समाज इस अर्थ में खास है कि उसने प्रश्नाकुलता को समाज में मान्यता दी है। वह सती प्रथा, बाल विवाह, छूआछूत, जातीय विद्वेष के विरूद्ध खड़ा हुआ और स्त्री शिक्षा, स्त्री को न्याय,मनुष्य की बराबरी के मानकों को स्वीकार करते हुए एक नया भारत बनाने की ओर है। समाज में 'जातिद्वेष' मान्यता नहीं है। हम मानते रहे हैं कि जाति का गौरव होना चाहिए किंतु जाति भेद ठीक नहीं। हमारे अनेक ऋषि व्यास, बाल्मीकि, संत रविदास, संत रसखान हमारे श्रद्धास्थान हैं। क्योंकि हमें बताया गया और हमने माना भी कि जाति-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। हमारी परंपरा के सर्वोच्च नायक भगवान श्रीराम के समरसता इन्हीं गुणों से मर्यादा पुरूषोत्तम बने। अपनी उदार भावनाओं से वे 'शबरी के राम' हैं तो 'बाल्मीकि के भी राम' हैं। वे तुलसी के राम हैं तो कबीर के भी राम हैं। वे हनुमान के ह्रदय में हैं तो आहिल्या के भी उद्धारकर्ता हैं। वे निषादराज के परममित्र हैं, तो किंष्किंधानरेश सुग्रीव के भी मित्र हैं। इस परंपरा को समझने वाले ही भारत के मन को समझ सकते हैं। भारतीय समाज को लांछित करने के लिए उस पर सबसे बड़ा आरोप वर्ण व्यवस्था का है। जबकि वर्ण व्यवस्था एक वृत्ति थी, टेंपरामेंट थी। आपके स्वभाव, मन और इच्छा के अनुसार आप उसमें स्थापित होते थे। व्यावसायिक वृत्ति का व्यक्ति वहां क्षत्रिय बना रहने को मजबूर नहीं था, न ही किसी को अंतिम वर्ण में रहने की मजबूरी थी। अब ये चीजें काल बाह्य हैं। वर्ण व्यवस्था समाप्त है। जाति भी आज रूढ़ि बन गयी किंतु एक समय तक यह हमारे व्यवसाय से संबंधित थी। हमारे परिवार से हमें जातिगत संस्कार मिलते थे-जिनसे हम विशेषज्ञता प्राप्त कर 'जाब गारंटी' भी पाते थे। इसमें सामाजिक सुरक्षा थी और इसका सपोर्ट सिस्टम भी था। बढ़ई, लुहार, सोनार, केवट, माली, निषाद, बुनकर ये जातियां भर नहीं है। इनमें एक व्यावसायिक हुनर और दक्षता जुड़ी थी। गांवों की अर्थव्यवस्था इनके आधार पर चली और मजबूत रही। आज यह सारा कुछ उजड़ चुका है। हुनरमंद जातियां आज रोजगार कार्यालय में रोजगार के लिए पंजीयन करा रही हैं। जाति व्यवस्था और वर्ण व्यवस्था दोनों ही अब अपने मूल स्वरूप में काल बाह्य हो चुके हैं। अप्रासंगिक हो चुके हैं। ऐसे में जाति के गुण के बजाए, जाति की पहचान खास हो गयी है। इसमें भी कुछ गलत नहीं है। हर जाति का अपना इतिहास है, गौरव है और महापुरुष हैं। ऐसे में जाति भी ठीक है, जाति की पहचान भी ठीक है, पर जातिभेद ठीक नहीं है। जाति के आधार भेदभाव यह हमारी संस्कृति नहीं। यह मानवीय भी नहीं और सभ्य समाज के लिए जातिभेद कलंक ही है। भारत के इतिहास में तमाम ऐसे पृष्ठ हैं, जिसमें हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। विदेशी आक्रामणों से जूझते हुए भी हमारे समाज ने अपनी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखा। बाद के कालखंड में विभेदकारी शासकों ने भारतीय समाज में विभाजन के बीज बोए क्योंकि उन्हें अपने राज को स्थाई बनाना था। लोगों के हाथ से हुनर छीन कर उन्हें दास बनाना उनका मकसद था। यह काम बिना बंटवारे की राजनीति से संभव नहीं था। भारत के सामने अपनी एकता को बचाने का एक ही मंत्र है, 'सबसे पहले भारत'। इसके साथ ही हमें अपने समाज में जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। भारत विरोधी ताकतें तोड़ने के सूत्र खोज रही हैं, हमें जोड़ने के सूत्र खोजने होगें। किन कारणों से हमें साथ रहना है, वे क्या ऐतिहासिक और सामाजिक कारण हैं जिनके कारण भारत का होना जरूरी है। इन सवालों पर सोचना जरूरी है। अगर वे हमारे समाज को तोड़ने, विखंडित करने और जाति, पंथ के नाम पर लड़ाने के लिए सचेतन कोशिशें चला सकते हैं, तो हमें भी इस साजिश को समझकर सामने आना होगा। भारत का भला और बुरा भारत के लोग ही करेगें। इसका भला वे लोग ही करेंगें जिनकी मातृभूमि और पुण्यभूमि भारत है। वैचारिक गुलामी से मुक्त होकर, नई आंखों से दुनिया को देखना। अपने संकटों के हल तलाशना और विश्व मानवता को सुख के सूत्र देना हमारी जिम्मेदारी है । भारत अपनी लंबी गुलामी से उपजी इसी पीड़ा को आजतक भोग रहा है। कोई भी राष्ट्र इतने लंबे समय की गुलामी के बाद तमाम राष्ट्रों की तरह समाप्त हो जाता, किंतु भारत खड़ा है क्योंकि उसके पास परंपरा का उत्तराधिकार था। ऋषियों और संतों द्वारा दिया गया आध्यात्मिक उत्तराधिकार था। भक्ति ने भारत को हमेशा बचाया और बदला है। हमारी संत परंपरा हमारी जड़ों में एकता और समरसता के सूत्र पिरोती रही है। उनकी शरण में भारत खुद को तलाशता रहा है और सामने खड़े प्रश्नों से मुक्ति पाता रहा है। कुंभ जैसे आयोजन उसके नवपरिष्कार का अवसर देते रहे हैं, तो समाज में प्रवास कर संत शक्ति उसकी शक्ति को संगठित करती रही है। आज समरसता के मंत्रदृष्टा अनेक सामाजिक संगठन भी सक्रिय होकर अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। भारत जाग रहा, अपना पुर्नअविष्कार कर रहा है। अपनी सांस्कृतिक धारा से जुड़कर अपने संकटों के हल तलाश रहा है। यही यात्रा समरसता की वाहक भी और प्रस्थान बिंदु भी। सामाजिक एकता और सामाजिक समरता के बिना हम 'एक भारत और श्रेष्ठ भारत' नहीं बना सकते। इसलिए एकत्व के तत्व खोजना और मनों को जीतना हमारी कोशिश होनी चाहिए। यही बात 'भारत' को 'समर्थ भारत' बनाएगी।

# विनिर्माण क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

प्रह्लाद सबनानी

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाइयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपए की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त



रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है। निर्यात में यह वृद्धि न केवल वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के बढ़ते पदचिन्हों को दर्शाती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। भारत में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही के समय में कई रणनीतिक पहल भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है, जैसे, मजबूत नीतिगत ढांचे को विकसित करना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देना, आदि शामिल हैं। स्वदेशीकरण की नीति के अनुपालन का असर भी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन एवं निर्यात में हो रही भारी भरकम वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में उपयोग होने वाले सैकड़ों उत्पादों के आयात पर रोक लगाकर इन उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने के निर्णय का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने की नीति को लागू करने से देश में न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश में आर्थिक प्रगति, तकनीकी उन्नति एवं रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। रक्षा क्षेत्र की तरह ही, हाल ही के समय में भारत ने उत्पादन के कई नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक दवा निर्माण के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले एपीआई (ऐक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीयंट) नामक कच्चे माल का लगभग पूरे तौर पर चीन से आयात किया जाता था। परंतु, कोरोना महामारी के दौरान भारत को यह अहसास हुआ कि यदि चीन इस कच्चे माल का निर्यात भारत को करना कम कर दे अथवा बंद कर दे तो भारत में तो दवा उद्योग की इकाइयों में निर्माण कार्य ही ठप्प पड़ जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने एपीआई के उत्पादन को भारत में ही करने का फैसला लिया, आज स्थितियां पूर्णतः बदल गई है एवं एपीआई का निर्माण भारत में ही किया जाने लगा है। सम्भव है कि आगे आने वाले कुछ समय में एपीआई के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। भारत आज एपीआई के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है एवं भारत की वैश्विक एपीआई उद्योग में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी बन गई है। आज भारत में 500 से अधिक प्रकार के विभिन्न एपीआई का उत्पादन किया जा रहा है। भारत में एपीआई का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय दवा उद्योग में तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है और आज यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.72 प्रतिशत का योगदान देने लगा है एवं दवा उद्योग आज देश में रोजगार के करोड़ों अवसर निर्मित कर रहा है। भारतीय दवा उद्योग के वर्ष 2024 के अंत तक 6,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। वर्ष 2013-14 के बाद से वर्ष 2021-22 तक भारतीय दवा निर्यात में 103 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की गई है। जेनेरिक दवाओं के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत हो गई है, जिससे भारत को अब विश्व का फार्मेसी हब भी कहा जाने लगा है। केंद्र सरकार एपीआई के उत्पादन को भारत में बढ़ाने के उद्देश्य से एक समग्र एवं अनुकूल पारिस्थितिकीय तंत्र का निर्माण करने पर जोर दे रही है। वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने एपीआई के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के लिए 6,940 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की थी। 35 सक्रिय दवा सामग्री का विनिर्माण, जो एपीआई का लगभग 67 प्रतिशत है, जिसके लिए भारत की 90 प्रतिशत आयात पर निर्भरता है, भारत में एपीआई योजना के तहत प्रारम्भ किया जा चुका है। वर्ष 2022 के बाद से भारत के फार्मास्यूटिकल व्यवसाय में जबरदस्त बदलाव आया है एवं भारत अब वॉल्यूम उत्पादक से एक मूल्यवान आपूर्तिकर्ता देश बन गया है। दवाई के क्षेत्र में भारत अब वैश्विक स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार हो गया है। लगभग 4 वर्ष पूर्व वैश्विक स्तर पर ऑटोमोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में सेमीकंडक्टर की उपलब्धतता में आई भारी कमी के चलते वाहनों के उत्पादन को भारी मात्रा में घटाना पड़ा था।

# 2 आदिवासी छात्राओं की संदिग्ध मौत

## हॉस्टल से घर जाते ही बिगड़ी तबीयत, वॉर्डन बोली- हार्ट-अटैक और झोलाछाप के इलाज से मौत





**मीडिया ऑडीटर, मोहला मानपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में आदिवासी छात्रावास से रक्षाबंधन की रात घर पहुंची 2 छात्राओं की संदिग्ध मौत हो गई। दोनों आदिवासी छात्राएं 7वीं और 10वीं कक्षा में अध्यनरत थी। अलग-अलग गांवों में इनकी मौत हुई है। पूरा मामला अंबागढ़ चौकी और मानपुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मोहड़ गांव की अमरिया पिता ठेलसिह उमरिया (12) और ग्राम परालझरी निवासी सपना जाड़े पिता भारत जाड़े (15) की मौत हुई है। दोनों छात्राएं प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत थी।

**छात्रों की रक्षाबंधन की रात संदिग्ध मौत:** रक्षाबंधन की छुट्टी में शनिवार 17 अगस्त को दोनों बच्चिया अपने परिजनों के साथ अपने-अपने घर गई। तबीयत बिगड़ने पर दोनों छात्रों की रक्षाबंधन की रात संदिग्ध मौत हो गई। दोनों छात्राओं की ग्राम मोहड़ और परालझरी में अंतिम संस्कार किया गया है।

**मृत अवस्था में ले गए अस्पताल:** छात्रा मान्यता अमरिया की रक्षाबंधन की रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। छात्रा की मौत की सूचना जिले के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस को नहीं दी गई।

**कांकेर से लाया गया शव:** वहीं 10वीं की छात्रा सपना जाड़े रक्षाबंधन में अपने मौसी के घर कांकेर जिले के दुर्गुकोदल कोंड्डुंज थाना कोड़ेखूर्से गई हुई थी। जहां त्योहार की आधी रात उसकी भी मौत हो गई। खबर मिलने के बाद परिजन बस्तर से शव लेकर आए। उसका अंतिम संस्कार रीति-रिवाज के साथ परालझरी गांव हुआ।

**हॉर्ट अटैक और झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मौत:** हॉस्टल में अध्यनरत छात्राओं की संदिग्ध मौत पर हॉस्टल वार्डन श्रद्धा देशमुख का कहना है कि 7वीं कक्षा की छात्रा का हार्ट अटैक से मौत हुई है। वहीं दसवीं कक्षा की छात्रा की झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने से मौत हुई है।

**अधिकारियों को छात्राओं की मौत की खबर नहीं:** प्री मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में 2 छात्रों की घर में संदिग्ध मौत की खबर जिला प्रशासन को खबर ही नहीं है। छात्राओं की संदिग्ध मौत को हॉस्टल वार्डन और आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त 2 दिन दबाए रखा। अब दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## झमाझम बारिश, आज यलो अलर्ट

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में झमाझम बारिश शुरू हो गई है। जिले के लिए आज यलो अलर्ट जारी किया गया है। सरगुजा संभाग के कई जिलों में अगले 4 दिनों तक बारिश हो सकती है। यहां एक दो जगहों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं कोरबा में बिजली गिरने से 20 मवेशियों की मौत हो गई। प्रदेश के बाकी जिलों में अच्छी बारिश के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल 22 अगस्त यानी कल तक यहां बारिश पर ब्रेक लगा रहेगा। प्रदेश में अब तक 850.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है जो सामान्य से 4% अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक अब तक 818.7 मिलीमीटर बारिश होनी थी। 6 जिलों में औसत से अधिक बरसात हुई है।

**बिलासपुर में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार:** बिलासपुर में 4 दिन गर्मी और उमस के बाद मंगलवार की शाम झमाझम बारिश हुई।

# हेल्थ केयर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## आग बुझाने में लगी हैं चार दमकल, भारी संख्या में पहुंचा पुलिस बल



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में बुधवार शाम भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज है कि दूर से उसकी लपटें दिखाई दे रही हैं। आग बुझाने के लिए चार फायरब्रिगेड पहुंचे हैं। खबर लिखने तक आग बुझाने का कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक कुम्हारी के अकोला गांव में हेल्थ केयर नाम से एक फैक्ट्री है। इस फैक्ट्री में मेडिकल सर्विसेस में उपयोग होने वाले मास्क, सिरिंज, ग्लब्ज और अन्य मेडिकल सामग्री बनाने का काम किया जा रहा है। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आग बुधवार शाम करीब 4 बजे लगी है। आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है, लेकिन ऐसा कहा जा राह है कि आग शार्ट सर्किट से लगी है।

उन्होंने बताया कि उन्हें जैसे ही सूचना मिली उन्होंने यहां से दो दमकल को रवाना किया। आग काफी बड़ी होने से फिर से दो और वाहन रवाना किया गया। चार दमकल वाहन मिलकर आग बुझाने का काम कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक 15-20 दमकल पानी का उपयोग किया जा चुका है, लेकिन आग अभी नहीं बुझी है। आग बुझाने का काम जारी है।

**जेसीबी से तोड़ा गया गोडाउन:** आग फैक्ट्री के गोडाउन में अधिक लगी है। वहां भारी मात्रा में सर्जिकल मास्क रखा हुआ था। उसी में आग लगने से वो तेजी से फैली है। आग इतनी तेज है कि गोडाउन के अंदर फायर कर्मी नहीं घुस पा रहे थे। इसके बाद जेसीबी बुलाई गई और गोडाउन की दीवार को तोड़ा गया। इसके बाद गोडाउन के अंदर की आग को बुझाने का काम शुरू किया है।

**बारिश होने से मिली राहत:** जिस समय आग लगी वहां काफी तेज बारिश हो रही थी। इससे आग तेजी से नहीं फैल पाई। साथ ही साथ दमकल कर्मियों को भी आग बुझाने में भी थोड़ी राहत मिली। कहा जा रहा है कि दो तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया जाएगा। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी लगाया गया है। आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# पत्नी को धारदार हथियार से मार डाला

## आरोपी बोला- किसी और लड़के से अफेयर का था शक, मर्डर कर ताला लगाकर भागा



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में युवक ने धारदार हथियार से वारकर अपनी पत्नी को मार डाला। वारदात के बाद घर का दरवाजा बंदकर भाग गया। बताया जा रहा है कि पत्नी के करैक्टर पर शक था। किसी और लड़के से बातचीत करती है। इसीलिए उसकी हत्या कर दी। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी युवक का नाम मयंक उपाध्याय (26) है, जो गीदन का रहने वाला है। कुआकोंडा की रहने वाली युवती प्रभा बघेल (26) के साथ इसकी दोस्ती हुई थी। दोस्ती प्यार में बदली और दोनों ने लव मैरिज की। दोनों दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में एक किराए के मकान में रह रहे थे।

**सिर पर किया था वार:** शक की वजह से दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। 5 से 6 दिन पहले रात में दोनों के बीच झगड़ा हुआ। आवेश में आकर मयंक ने पत्नी प्रभा के सिर पर धारदार हथियार से वारकर दिया था। प्रभा की मौके पर ही मौत हो गई थी। वारदात के बाद मयंक अपने घर का दरवाजा बाहर से बंद किया। ताला लगाया और वह फरार हो गया था।

**घर से बदबू आने लगी थी:** 2-3 दिन के बाद जब घर के अंदर से बदबू आने लगी तो इलाके के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बरामद किया, जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था। पुलिस मयंक की खोजबीन में जुट गई थी। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने एसडीओपी राहुल उइके और साइबर सेल प्रभारी डीएसपी आशीष नेताम के नेतृत्व में टीम बनाई। आरोपी मयंक को गरियाबंद से पकड़ा गया।

**गरियाबंद से गिरफ्तार किया गया है:** पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि पत्नी का किसी और से अफेयर के को लेकर झगड़ा हुआ था। आवेश में आकर उसने हत्या कर दी। दंतेवाड़ा के एसपी गौरव राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान हस्तिनापुर के लिए आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेंद्रगढ़ द्वारा सूचित किया जाता है कि नवगठित ग्राम पंचायत हस्तिनापुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान के आबंटन के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किया गया है। इससे पहले 08 जनवरी 2024 और 12 फरवरी 2024 तक केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसके लिए अब पुनः आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह आवेदन ग्राम पंचायत हस्तिनापुर में 03, नगरपालिका, नगर पंचायत पिपरिया में 02 साथ ही रिमार्क में 04 दुकानों के लिए हैं। संबंधित ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के महिला स्व-सहायता समूह, लैम्प्स, अन्य समूह, और सहकारी समितियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2024 है। आवेदन पत्र में दुकान संचालन के लिए आवश्यक पूंजी, महिला स्व-सहायता समूह की ग्रेडिंग, पंजीयन, और बैंक खाते की जानकारी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# महिला चोर गिरोह सक्रिय

## भीड़भाड़ वाली जगह पर महिलाएं बनती हैं टारगेट, पुलिस ने बताया चोरों का ट्रेंड और कैसे बचें





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में महाराष्ट्र की महिला चोर गैंग का खुलासा हुआ है। ये ऑटो में बैठी महिलाओं से सवारी बनकर चालाकी से पर्स, गहने पार कर देती थीं। पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में गिरोह की तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। शातिर महिलाएं भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी महिलाओं को टारगेट कर चेन, पर्स और मोबाइल पार करती थीं। पुलिस ने इस तरह की ठगी के पैटर्न और इनसे बचने के तरीके भी बताएं हैं।

**इस तरह देते थे चोरी को अंजाम:** पीड़िता पुष्पा धुव्र के मुताबिक 10 अगस्त को पंडरी जाने के लिए वो भाठागांव चौक से ऑटो में सवार हुई। पुष्पा अपने बैग के अंदर एक छोटे पर्स में करीब 14 हजार रुपए नगद और कुछ चिल्लहर रखे थे। कुछ दूरी पर ऑटो में तीन महिलाएं भी सवार हो गई जो आपस में मराठी भाषा में बातें कर रही थी। फिर बस स्टैंड के पहले हनुमान मंदिर के पास तीनों महिलाएं उतर गई। ऑटो जब शास्त्री चौक के पास पहुंचा तो पुष्पा ने पैसे देने के लिए बैग देखा तो पर्स गायब मिला।

पुष्पा को उन महिलाओं पर शक हुआ तो उसने पुरानी बस्ती थाने पर जाकर एफआईआर दर्ज कराई। इस घटना के करीब 10 बाद पुलिस ने छानबीन करते हुए तीन महिलाओं को लाखे नगर चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**6 से ज्यादा वारदात करने के बाद छोड़ देती हैं शहर:** रायपुर पश्चिम एएसपी दौलतराम पोर्ते के मुताबिक पकड़ीं गई तीनों महिलाएं नागपुर की रहने वाली हैं। गैंग के सदस्य अलग-अलग राज्यों में घूम कर शातिर तरीके से चोरी और ठगी को अंजाम देते हैं। ये ज्यादातर सोने की चेन, पर्स और मोबाइल को टारगेट करती हैं। ये भीड़भाड़ वाली जगह में टारगेट खोजते हैं। चोरी के बाद ये एक दूसरे को इशारा कर देती हैं। फिर सभी एक साथ मौके से फरार हो जाती हैं। गैंग किसी भी शहर में करीब 6 से ज्यादा वारदातें करता है। फिर ये उस शहर को छोड़ देते हैं।

**गिरफ्तार की गई महिला चोरों के नाम:** शिल्पा उमे (35) निवासी, नागपुर महाराष्ट्र। रुचि बिसने (40) नागपुर, महाराष्ट्र। मनीषा बिसने (30) नागपुर, महाराष्ट्र।

**प्रदीप मिश्रा के शिवमहापुराण में यूपी की महिला चोर गैंग ने की थी वारदात:** पुलिस ने बीते हफ्ते पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया था। ये शातिर महिलाएं आजमगढ़ उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। इन महिलाओं ने नया रायपुर में चल रहे प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा में घुसकर तीन महिलाओं के गले से सोने की चेन खींच ली थी। ये गैंग कार्यक्रम खत्म होने के बाद लोग जब घर लौट रहे होते हैं तो ये महिलाओं के गले पर झपट्टा मारकर चेन खींचकर फरार हो जाती हैं। कई बार यह अपने साथ मौजूद दूसरी महिलाओं को चेन थमा देती हैं, जिससे वो पकड़ में आने से बच जाती हैं।

**ठगी के अलग-अलग पैटर्न, मदद लेने के बहाने ठगी:** कई बार ठग पति-पत्नी बनकर खुद को पीड़ित बताएंगे। ये आपको कहेंगे कि उनके पैसे चोरी हो गए हैं, उन्हें अपने शहर वापस लौटना है, कुछ पैसों की जरूरत है। इस बीच वह आपके पास रखे पैसों की जगह देख कर वारदात करेंगे। गैंग की महिलाएं आपको अपने किसी बच्चे या पति के गुम हो जाने की बात कहेंगी। फिर उसे ढूंढने के बहाने आपके समान या रुपयों की चोरी कर सकती हैं।

**जमीन पर नोट गिराकर भटकाते हैं ध्यान:** ऐसी ठगी में गैंग के मेंबर जमीन पर एक नोट गिरा देते हैं। जब आप उस नोट को उठाने की कोशिश करेंगे तो इस दौरान आपका बड़ा नुकसान हो चुका होगा।

**दूर से कोई इशारा करता दिखेगा:** गैंग का एक सदस्य आपको दूर से इशारा करता दिखेगा। आप असमंजस में पड़ जाएंगे और आपका ध्यान भटकेगा। गैंग का दूसरा सदस्य आपके आसपास खड़े होकर चोरी कर लेता है।

**महिलाओं का चोर गैंग:** तीन से चार की संख्या में महिलाएं सामान्य तरीके से आपके आसपास मौजूद रहेंगी। संभावना है कि इनमें से किसी एक के पास बच्चा भी हो। जिससे उन पर किसी को शक न हो पाए। इन महिलाओं का गैंग किसी भी तरीके से आपका ध्यान भटका कर चोरी या स्नेचिंग को अंजाम दे सकता है।

# आदिवासी महिला से गैंगरेप

## दोस्त ने अपने 10 से ज्यादा साथियों के साथ मिलकर किया दुष्कर्म, इनमें एक नाबालिग भी



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक आदिवासी महिला से गैंगरेप किया गया। महिला रक्षाबंधन के दिन मेले से लौट रही थी तभी वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों में महिला का एक दोस्त और उसके 10 साथी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग बताया जा रहा है।

पुलिस ने सभी आरोपियों का मेडिकल कराया है। इसके बाद उन्हें शिनाख्त के लिए आरोपियों को तहसील कार्यालय ले जाया गया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने इस मामले में सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े के नेतृत्व में 5 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

**महिला ने खुद थाने पहुंचकर की शिकायत:** जानकारी के मुताबिक, पुसौर ब्लॉक निवासी 27 साल की महिला कुछ सालों से अपने पति से अलग रह रही है। वह सोमवार को अपने परिचितों के साथ मीना बाजार गई थी। वहां से लौटने के दौरान एनटीपीसी लारा के पास कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और गैंगरेप किया। मामले में मंगलवार को एफआईआर हुई है।

महिला अपने दोस्त के साथ लौट रही थी। पहले उसने ही रेप किया। इस दौरान आरोपी युवक के साथी भी पहुंच गए और उन्होंने भी महिला से दुष्कर्म किया। वारदात के बाद सभी आरोपी वहां से भाग निकले। जिसके बाद महिला किसी तरह थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई।

**सभी आरोपी अलग-अलग जगहों से अरेस्ट:** एसपी दिव्यांग पटेल ने बताया कि महिला से कुछ आरोपियों ने गलत काम किया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़िता की स्थिति अभी सामान्य है। शिकायत आने के बाद तत्काल टीम गठित की गई। टीम ने आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी। मंगलवार को 6 आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया था। आज एक और आरोपी को पकड़ा गया है। सभी आरोपी घुटकुपाली, केसाईपाली, छपोरा और आसपास गांव के हैं। इनमें एक नाबालिग है।

**ग्रामीणों से बातचीत कर रिपोर्ट तैयार करेगी कांग्रेस की समिति:** कांग्रेस ने मामले में जांच समिति बनाई है। यह समिति गांव का दौरा कर मामले की जांच करेगी। इस दौरान ग्रामीणों से भी बातचीत कर घटना की रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। समिति में विधायक विद्यावती सिदार, चातुरी नंद, कविता प्राणलहरे और जिलाअध्यक्ष अरुण मालाकार शामिल हैं।

## हाइवा ने छात्रों को मारी टक्कर,एक की मौत

### दूसरे की हालत नाजुक, हाइवा को किया आग के हवाले, 2 टुकड़ों में बंटी बाइक



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में हाइवा ने स्कूली बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई है। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने हाइवा को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना आरंग थाना क्षेत्र के नवागांव खार के पास की है।

पुलिस ने बताया कि घटना सुबह 10 बजे की है। 2 छात्र बाइक पर सवार होकर तोरला के हाई स्कूल जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। 17 साल के रुपेश साहू की मौत हो गई है। वहीं 16 साल के धीरज सेन की हालत गंभीर है। रायपुर रेफर किया गया है।

**9वीं और 10वीं क्लास के थे स्टूडेंट:** बताया जा रहा है कि यह दोनों स्टूडेंट पल्सर बाइक में तोरला हाई स्कूल जा रहे थे। रुपेश 10वीं क्लास में तो धीरज 9वीं क्लास का स्टूडेंट है। दोनों स्टूडेंट उगेतरा गांव के रहने वाले हैं। हादसे के बाद बाइक 2 टुकड़ों में टूटकर अलग हो गई है।

**स्थानीय लोगों ने हाइवा को जलाया:** हादसे से स्थानीय लोगों में बड़ी नाराजगी देखने को मिली है। उन्होंने घटना के बाद हाइवा में आग लगा दी। हाइवे का केबिन पूरी तरह जलकर राख हो गया। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह का कहना है कि घटना के बाद अतिरिक्त बल तैनात किया गया था। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। हाइवा चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिरा, कार ने रौंदा

### बहन से राखी बंधवाकर स्कूटी से घर लौट रहे थे 3 दोस्त



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्कूटी सवार 3 युवक डिवाइडर से टकरा गए। एक युवक उछलकर सड़क पर गिरा तो सामने से आ रही कार ने उसे रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर है। इस घटना का लाइव सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। यह घटना नेवई थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह 6 बजे की है। पुलिस ने बताया कि, रुआबांधा बस्ती वार्ड-63 आजाद चौक निवासी प्रशांत कुमार महला (21) अपने दोस्त दीनू और एक अन्य युवक के साथ सोमवार शाम होनादा की तरफ बहन से राखी बंधवाने गया था।

**सुबह घर के लिए लौट रहा था:** बहन के घर रात गुजारने के बाद तड़के सुबह घर के लिए रुआबांधा निकले। इसी दौरान सुबह 6 बजे रिसाली नगर निगम के पास उनकी स्कूटी डिवाइडर से टकरा गए। स्कूटी की रफ्तार अधिक थी, इसलिए सबसे पीछे बैठा प्रशांत कुमार हवा में करीब 5 फीट ऊपर उछलकर रोड की दूसरे तरफ जा गिरा।

तभी सड़क की दूसरी तरफ से आ रही कार प्रशांत को कुचलते हुए आगे निकल गई। जिससे वो काफी दूर तक घसीटते चला गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस:** हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को दुर्ग जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, कार सवार की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# कब और कहां होंगे पैरालंपिक खेल? जानें इस बार भारत को कितने मेडल मिल सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में पैरालंपिक गेम्स का आयोजन होगा। जो कि 28 अगस्त से 8 सितंबर के बीच खेले जाएंगे। इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। पेरिस इन खेलों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी का समृद्ध इतिहास रहा है और 2024 पैरालंपिक इस विरासत को और आगे बढ़ाएगा। शहर अपने आयोजन स्थलों और बुनियादी ढांचे को तैयार कर रहा है जिससे प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों के लिए एक सहज और सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। हाल ही में समाप्त हुए 33वें ओलंपिक खेलों की वजह से मैदान और अन्य चीजें तैयार हैं। उनको इन खेलों के हिसाब से तैयार किया जा रहा है। पैरालंपिक खेलों में भारत को पिछली बार से ज्यादा मेडल इस बार मिलने की उम्मीद की जा सकती है। पैरालंपिक खेलों का मुख्य स्थल सेंट डेनिस के उत्तरी उपनगर में स्थित स्टेड डी फ्रांस होगा।

ये प्रतिष्ठित स्टेडियम पहले फीफा वर्ल्ड कप और रग्बी विश्व कप जैसे प्रमुख आयोजनों की मेजबानी कर चुका है। ये कई प्रतियोगिताओं के लिए केंद्र के रूप में काम करेगा। स्टेड डी फ्रांस के अलावा पेरिस में कई अन्य स्थानों का इस्तेमाल कई खेलों के लिए किया जाएगा।

# यूएई में होगा विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024, आईसीसी ने बांग्लादेश से छीनी मेजबानी

नई दिल्ली। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप अब यूनाइटेड अरब एमिरेट्स में होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश में हुई हिंसा और तख्तापलट के बाद देश के हालात ठीक नहीं है। जिसके बाद बांग्लादेश से विमेंस टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी छीन ली गई। अब 3 अक्टूबर से यूएई में 10 टीमों का विमेंस टूर्नामेंट खेला जाएगा। हालांकि, टूर्नामेंट के होस्टिंग राइट्स बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीबी के पास ही रहेंगे। मेजबानी के लिए श्रीलंका और जिम्बाब्वे भी रेस में थे, लेकिन आईसीसी ने यूएई को मेजबानी देने का फैसला किया। इससे पहले आईसीसी ने बीसीसीआई से मेजबानी करने को कहा लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने इससे इनकार कर दिया। फिलहाल, आईसीसी ने बताया कि यूएई के दुबई और शारजाह स्टेडियम में टूर्नामेंट के सभी मैच कराए जाएंगे। टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाना है। पिछले कुछ सालों से यूएई को आईसीसी और एसीसी के कई टूर्नामेंट की मेजबानी मिल चुकी है। 2021 में कोरोना महामारी के कारण भारत के होस्टिंग राइट्स में मेंस टी20 वर्ल्ड कप यूएई में हुआ था। अब 4 साल के अंदर यूएई को दूसरे वर्ल्ड कप की मेजबानी मिल गई है। यूएई में एशियन क्रिकेट काउंसिल के 2 एशिया कप भी पिचले 6 साल में हुए हैं। 2018 में वनडे एशिया कप और 2022 में टी20 एशिया कप की मेजबानी यूएई को मिली थी। खास बात ये है कि यूएई के दुबई में आईसीसी का हेडक्वॉर्टर भी है।




# मनु ने सम्मान समारोह में बच्चों के साथ किया डांस

**चेन्नई (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर अब अपने डांस के कारण छायी हुई हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वायरल वीडियो में मनु को एक सम्मान समारोह के दौरान कुछ स्कूली बच्चों के साथ बार-बार देखो फिल्म के मशहूर गाने काला चश्मा पर थिरकते देखा गया। वह इस गाने पर बच्चों के साथ ताल से ताल मिलाते नजर आ रही हैं। मनु ने ओलंपिक के एक ही सत्र दो व्यक्तिगत पदक जीतकर रिकार्ड बनाया था। वह इसके बाद से ही बेहद लोकप्रिय हो गयी हैं। चेन्नई के एक स्कूल में हुए सम्मान समारोह में मनु ने कहा, टोक्यो ओलंपिक से असफल लौटने के बाद मेरे लिए फिर से आत्मविश्वास हासिल करना बहुत कठिन था। मैं दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी थी, लेकिन मैंने इसमें अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने साथ ही कहा, मुझे हारने और फिर जीतने का स्वाद पता है। यही तो खेलों की खूबसूरती है। एक प्रतियोगिता आप हारते हैं, तो आप दूसरी जीत सकते हैं।

लेकिन, यह तभी होगा जब आप कड़ी मेहनत करेंगे। युवा छात्रों से करियर के विकल्प के रूप में खेल को अपनाने को लेकर इस निशानेबाज ने बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें बहुत मेहनत और प्रयास करना चाहिए। हमारे पास करियर के लिए कई विकल्प हैं। आपको डॉक्टर या इंजीनियर ही बनने की जरूरत नहीं है। खेलों को भी चुन सकते हैं।

# जहीर खान बन सकते हैं लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर




नई दिल्ली। गौतम गंभीर के भारतीय क्रिकेट टीम का हेड कोच बनने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स अपने कोचिंग सेटअप में जहीर खान को जोड़ना चाह रही। ऐसा माना जा रहा है कि दो अन्य फ्रेंचाइजी भी जहीर को टीम में शामिल करने के लिए इच्छुक थीं, जो हाल ही मुंबई इंडियंस में वैश्विक विकास के प्रमुख थे इससे पहले वह 2018-2022 तक फ्रेंचाइजी के क्रिकेट डायरेक्ट थे। पिछले साल के आखिर में गौतम गंभीर के जाने के बाद से लखनऊ सुपर जायंट्स बिना किसी मेंटर के है। गंभीर, जो उस सपोर्ट ग्रुप का हिस्सा थे जिसने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को अपना तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में मदद की थी। इसके बाद वो भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच बन गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल, जो एलएसजी के गेंदबाजी कोच थे, अब उसी भूमिका में भारतीय टीम में शामिल हो गए हैं। मेंटर की भूमिका के अलावा, लखनऊ सुपर जायंट्स जहीर को और बड़ी भूमिका देना चाहती है। ऑफ सीजन के दौरान टैलेंट स्काउटिंग और खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में भी वो शामिल हो सकते हैं। लखनऊ के बैकरूम का नेतृत्व वर्तमान में जस्टिन लैंगर कर रहे हैं। जिन्होंने आईपीएल 2024 से पहले एंडी फ्लावर की जगह मुख्य कोच के रूप में काम किया है, उनके सहायक के रूप में लांसस क्लूजनर और एडम वोजेस हैं। अपने पहले दो सीजन में प्लेऑफ बर्थ हासिल करने के बाद, केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम 2024 में टॉप चार में जगह बनाने के लिए नेट रन रेट पर पिछड़ गई।

# विराट को लेकर पीयूष चावला ने किया बड़ा खुलासा




भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अक्सर चर्चा में रहते हैं। वहीं कई दिग्गज उनके बारे में कह चुके हैं कि वो समय के साथ बदल गए हैं। युवराज सिंह ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि पहले का विराट कोहली चीकू था और अब चीकू है ही नहीं। वहीं अमित मिश्रा ने तो यहां तक कह दिया था कि सफलता विराट के सिर चढ़ गई थी, और वह बिल्कुल बदल गए। लेकिन पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कोहली के बारे में बड़ा खुलासा करते हैं सबको चौंका दिया है। दरअसल, पीयूष चावला का एक पुराना इंटरव्यू फिर से वायरल हो रहा है। जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं कि विराट कोहली पिछले 10-15 सालों में कोई बदलाव नहीं आया है। 2 स्लॉगर्स पॉडकास्ट पर जब पीयूष से पूछा गया था, कि आप हमें ये बताइए कि विराट कोहली क्यों बदल गए है? तो इस पर चावला कहते हैं कि मैं तो जितना भी विराट से मिला हूं, जितना भी उनके साथ खेला हूं मेरा बहुत अच्छा अनुभव रहा है। हम लोग जूनियर क्रिकेट साथ खेले हैं और उसके बाद आईपीएल में खेले, टीम इंडिया के लिए साथ खेले हैं। मेरे साथ यही चीज है... देखिए हर किसी का अपना- अपना सोचना होता है, मेरे साथ जितनी भी बातचीत हुई है, हम अभी भी जब मिलते हैं तो बहुत अच्छे से मिलते हैं। पीयूष चावला ने आगे कहा कि, वो जब एशिया कप में खेल रहे थे, और मैं कॉमेंट्री कर रहा था, मैं बाउंड्री के पास खड़ा हुआ था। इनिंग के बाद जो शो करना होता है, उसके लिए तो वहां पर वो आया और कहा पीसी यार चल कुछ अच्छा सा ऑर्डर करते हैं। क्योंकि हम दोनों ही खाने के बहुत शौकीन हैं, तो इस तरह से आज भी वैसे ही बातचीत होती है। जैसी आज से 10 साल या 15 साल पहले होती थी। पीयूष चावला का ये इंटरव्यू काफी पुराना है, लेकिन इस इंटरव्यू का ये हिस्सा फिलहाल काफी वायरल हो रहा है।

# जय शाह बन सकते हैं अगले आईसीसी चेयरमैन

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह के अगले आईसीसी चेयरमैन बनने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इसका कारण है कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इसी साल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है। वहीं बार्कले तीसरे कार्यकाल की दौड़ से अलग हो गये हैं। ऐसे में जय शाह के इस पद पर आने की अटकलें हैं। शाह इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगे या नहीं यह 27 अगस्त तक तय होगा। ये चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है। आईसीसी चेयरमैन के दो-दो साल के तीन कार्यकाल होते हैं और बार्कले के ये साल पूरे हो गये हैं। आईसीसी ने कहा, ''बार्कले ने बोर्ड से कह दिया है कि वह तीसरे कार्यकाल के लिए तैयार नहीं हैं। नवंबर के अंत में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर वह पद छोड़ देंगे। बार्कले को नवंबर 2020 में आईसीसी चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें 2022 में फिर से इस पद पर चुना गया।'' आईसीसी के नियमों के अनुसार चेयरमैन के चुनाव में 16 वोट होते हैं और अब विजेता के लिए नौ मत का साधारण बहुमत (51फीसदी) आवश्यक है। इससे पहले चेयरमैन बनने के लिए निवर्तमान के पास दो-तिहाई बहुमत होना आवश्यक था।

# बुमराह पिछले पांच-छह साल में कई प्रारूप में खेलने वाला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

दुबई । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यु' पर कहा, ''मैं यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।'' उन्होंने कहा, ''कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि 'क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है।'' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है। और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से उनके (बुमराह) बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि 'नहीं, वह एक बुरा सपना हैं!' आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है।'' उन्होंने कहा, ''कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा।''



# 4400 खिलाड़ियों की सुरक्षा में 25 हजार जवान तैनात होंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में 28 अगस्त से पैरालंपिक का आयोजन होगा। जिसके लिए देश के गृहमंत्री गेराल्ड डेर्मेनिन ने मंगलवार को कहा कि ओलंपिक के दौरान की गई सुरक्षा व्यवस्था नकी तर्ज पर पैरालंपिक खेलों के दौरान भी पेरिस और इसके आसपास प्रत्येक दिन लगभग 25 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। डेर्मेनिन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोहराया कि अधिकारियों ने पैरालंपिक खेलों के लिए कोई ठोस आतंकवादी खतरा नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्ध के दौरान फिलीस्तीन में लोगों की मौतों और पश्चिम एशिया में व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के खतरे के बीच ओलंपिक की तरह पैरालंपिक के दौरान भी इजराइल के 27 खिलाड़ियों को एलीट पुलिस अधिकारियों द्वारा 24 घंटे सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। डेर्मेनिन ने कहा कि इसके अलावा 10 हजार निजी सुरक्षा एजेंट आयोजन स्थलों पर खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेंगे, पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टेनग्वे ने बताया कि पैरालंपिक का आयोजन 19 आयोजन स्थलों पर होगा और इन खेलों में 4400 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# मिशेल स्टार्क का बयान, कहा- ऑस्ट्रेलिया के लिए एशेज के समान अहम है बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्राफी में तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे जिससे यह श्रृंखला उनकी टीम के लिए प्रतिष्ठित एशेज के समान महत्वपूर्ण हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण श्रृंखला में 1991-92 के बाद पहली बार पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। स्टार्क ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा,''इस बार यह पांच मैच की श्रृंखला होगी जिससे यह एशेज श्रृंखला के समान महत्वपूर्ण हो गई है।'' ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाया है जबकि भारत ने इस बीच लगातार चार श्रृंखला जीती हैं। भारत ने इस दौरान दो बार 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। स्टार्क न केवल श्रृंखला जीतने का इरादा रखते हैं, बल्कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम क्लीन स्वीप करे, विशेष कर तब जबकि यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। उन्होंने कहा,''हम अपनी घरेलू धरती पर प्रत्येक मैच में जीत हासिल करना चाहते हैं और हम यह भी जानते हैं कि




भारत की टीम काफी मजबूत है।'' भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी पहले जबकि ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। स्टार्क ने कहा,''भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हैं। इसलिए प्रशंसकों और निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही रोमांचक श्रृंखला होने वाली है। उम्मीद है कि आठ जनवरी को ट्रॉफी हमारे हाथ में होगी।'' स्टार्क 100 टेस्ट मैच खेलने से केवल 11 मैच दूर हैं और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का अभी लंबी अवधि के प्रारूप से संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा,''जब भी मुझे बैगी ग्रीन कैप पहनने का मौका मिलता है तो यह बहुत खास लगता है। उम्मीद है कि गर्मियों के सत्र में हम पांचो टेस्ट मैच जीतने में सफल रहेंगे।

जहां तक 100 टेस्ट मैच खेलने का सवाल है तो निश्चित तौर पर यह बहुत खास होगा।''स्टार्क अगले महीने सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड जाएंगे और इसके बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिए न्यू साउथ वेल्स की तरफ से घरेलू क्रिकेट में खेलेंगे। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा प्राथमिकता में रहा है। आगामी सत्र में हमें सात टेस्ट मैच खेलने हैं। इनमें से पांच भारत और दो श्रीलंका के खिलाफ होंगे। हमारे लिए ये मैच प्राथमिकता में हैं।

# सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों को दोगुनी रफ्तार से निराकृत करें : रानी बाटड

## कलेक्टर ने समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में बुधवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं दूरभाष के माध्यम से प्राप्त के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम मैहर विकास सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बांगरे, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, सीएमओ मैहर लालजी ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों को दोगुनी रफ्तार से निराकरण करते हुए बंद करने का कार्य करे। प्रत्येक विभाग प्रतिदिन 5 शिकायतों को देखे और उसका निराकरण करे तो लंबित शिकायते की संख्या कम हो जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि कई बार बताए जाने के बावजूद भी सीएम हेल्प लाइन में विभागीय अधिकारियों या ऑपरेटर के द्वारा उल्टे सीधे जवाब भरे जा रहे है। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हर एक शिकायतों को पढ़े और सही और संतुष्टि जनक जवाब भरे। कलेक्टर ने जनसुनवाई और दूरभाष के माध्यम से प्राप्त शिकायतों निराकरण कर गुरुवार की शाम तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा की सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में 500 दिवस से ज्यादा पुरानी शिकायतें पोर्टल में दिखाई दे रही है। जिनका निराकरण अभी तक नही किया गया है। आगामी 25 तारीख तक पांच सौ दिवस से लंबित शिकायतो का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास और जनपद के तीनों ब्लाक समग्र समन्वयकों को आईडी से संबंधी शिकायतो का निराकरण करने के निर्देश दिए।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर रानी बाटड ने पौध रोपण की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा किए गए पौधा रोपण की संख्या की जानकारी ली। साथ ही विभागो को पौधा रोपण की गति बढ़ाते हुए शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हमारा उद्देश्य पौधा रोपण करना ही नहीं है, बल्कि पौधो के बड़े होने तक उनकी सुरक्षा और पानी देने की व्यवस्था भी करना है। सभी अपने-अपने विभाग में लाये गये पौधो की संख्या, पौधों की प्रजाति और पौधा रोपण की जगह की सूची बना कर प्रस्तुत करे।

### तीन आरोपियों पर 20-20 हजार रूपये का ईनाम घोशित

**सतना निप्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा द्वारा बताया गया कि सतना जिले के थाना सिंहपुर अंतर्गत धारा 8 (बी), 21, 22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग्स अधिनियम में फरार 3 आरोपियों के अपराध की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी अमित गुप्ता पिता प्रकाश गुप्ता, आशीष गौतम पिता राजाभइया गौतम दोनों निवासी रैगांव थाना सिंहपुर तथा बादल सिंह पिता रमेश कुमार सिंह निवासी जमुना थाना रामपुर बघेलान जिला सतना की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सतना द्वारा पूर्व में प्रत्येक आरोपी पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। ईनाम की घोषणा के बाद भी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए साकेत प्रकाश पाण्डेय पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा द्वारा फरार आरोपियों को गिरफ्तार कराने, पता साजी में सहयोग प्रदान करने या किसी प्रकार की सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम की राशि बढाते हुए प्रत्येक आरोपी पर 20-20 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरस्कृत किये जाने की उद्घोषणा की गई है।

# सतना-मैहर में नहीं दिखा बंद का असर

## जबरिया प्रतिष्ठान बंद कराने की कोशिश करते रहे प्रदर्शनकारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** एससी-एसटी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद के आह्वान का सतना में असर दिखाई नहीं पड़ा। हालांकि आंदोलनकारी जबरिया बंद कराने का प्रयास करते रहे। मैहर में भी ऐसी ही कोशिश में कुछ जगह प्रदर्शनकारियों ने शोर-गुल, हंगामा कर आवागमन बाधित किया।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के प्रति नाराजगी जताने के लिए भीम आर्मी, बसपा और जयस बुधवार को भारत बंद के आह्वान को सफल बनाने सतना शहर के साथ ही अन्य कस्बाई इलाकों में भी सड़क पर उतरे। शहर में बंद समर्थकों ने रैली निकाल कर दुकानें बंद कराने का प्रयास किया। भीड़ देख कर दुकानदारों ने अपने शटर तो गिरा दिए, लेकिन रैली के आगे बढ़ते ही दुकानें खुल गईं।




बाजार में कारोबार सामान्य रूप से चलता रहा। कुछ निजी स्कूलों ने उपद्रव की आशंका के मद्देनजर ऐहतियात के तौर पर बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी थी, कुछ अभिभावक ऐसे भी रहे, जिन्होंने बच्चों को स्कूल ही नहीं भेजा। शहर के अलावा जिले के अन्य कस्बाई क्षेत्रों में भी बंद बेअसर रहा। हालांकि रैली और ज्ञापन के दौर वहां भी चले।

सुरक्षा के लिहाज से शहर में चौराहों और नुक्कड़ पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कलेक्टर अनुराग वर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी शिवेश सिंह, एसडीएम नीरज खरे, सीएसपी महेंद्र सिंह लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे

**शराब दुकान देख दौड़े:** सर्किट हाउस, सेमरिया चौराहा और जय स्तंभ चौक की शराब दुकानों को खुला देख कर बंद समर्थक उस ओर दौड़ पड़े। सेमरिया चौक दुकान पर तो प्रदर्शनकारी दुकान बंद करवाने के लिए बहस करते नजर आए।

**स्टेशन रोड पर लगाया जाम:** स्टेशन रोड में भी बंद समर्थकों ने उपद्रव किया। वे किताब की दुकान बंद कराने के दौरान सड़क पर हंगामा करने लगे, जिससे यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने आवागमन बहाल कराया। सेमरिया चौक पर भी उन्होंने वाहन रोके।

**मैहर में भी नहीं दिखा असरः** मैहर जिला मुख्यालय में भी बंद बेअसर रहा। बंद समर्थक प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली और स्टेट बैंक चौराहे तथा घंटा घर चौराहे पर शोर गुल किया। दुकानें बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के पहुंचते ही जहां शोर थम गया। वहीं, भीड़ के आगे जाते ही दुकानें भी खुल गईं।

बाजार में कारोबार सामान्य तरीके से चलता रहा। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। अमरपाटन और रामनगर में भी बंद समर्थकों ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपे।

# नगर निगम परिषद की बैठक में हंगामा

## सीवरेज, सड़क, पानी और अतिक्रमण के मुद्दे छाए, महिला पार्षद ने अफसरों पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगर निगम की परिषद की बैठक में बुधवार को पार्षदों ने शहर के हालात को मुद्दा बनाते हुए जमकर हंगामा किया। यहां सीवर लाइन के गढ्ढे, सड़कों की हालत, पानी और अतिक्रमण के मुद्दे छाए रहे। विपक्ष के अलावा सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी स्थिति पर नाराजगी जताई, जबकि महिला पार्षद तो अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से भी नहीं चूकीं।

परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता और महापौर योगेश ताम्रकार, कमिश्नर शेर सिंह मीणा की मौजूदगी में बुधवार को विवेकानंद भवन के सभागार में बैठक हुई। बैठक में भाजपा - कांग्रेस, बसपा और निर्दलीय पार्षदों ने हिस्सा लिया।

परिषद की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही सेप्टिक टैंक साफ करने वाली सक्शन मशीन पर बहस शुरू हो गई। पार्षदों ने मशीन की खरीदी और किराये पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब भी जरूरत पड़ती है और लोग फोन लगाते हैं तो स्वास्थ्य अधिकारी बृजेश मिश्रा का नंबर दे दिया जाता है। मशीन का किराया साढ़े 6 हजार रुपए तक वसूला जाता है। निजी मशीनें भेज दी जाती हैं। जनता के हित में इसका चार्ज फिक्स किया जाना चाहिए।

इसी दौरान भाजपा की महिला पार्षद नम्रता सुशील सिंह अतिक्रमण अधिकारी अंशुमान सिंह पर भड़क उठीं। पार्षद ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा शहर अतिक्रमण की चपेट में है। अस्पताल के गेट पर अतिक्रमण के कारण एम्बुलेंस नहीं घुस पातीं।

कहीं, कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही, लेकिन फिर भी अतिक्रमण अधिकारी इतने व्यस्त रहते हैं कि जनप्रतिनिधियों से भी सीधे मुंह बात नहीं करते। अभद्रता के साथ जवाब देते हैं। लिहाजा ये बताया जाए कि ये कहां व्यस्त रहते हैं और कौन सा काम इन्होंने कर दिया है। पार्षद ने अतिक्रमण अधिकारी पर कार्यवाही की मांग भी अध्यक्ष से की।

पार्षद नम्रता सिंह इतने पर ही नहीं रुकीं, नगर निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि किरकिरी महापौर की हो रही है। इनकी मनमानी से शहर और जनता की दुर्गति हो रही है।

शहर का विकास नहीं, इन अधिकारियों-कर्मचारियों का विकास हो रहा है। मनमानी मस्टर कर्मी भर्ती किए जा रहे हैं। हम लोग किस मुंह से जनता के दरवाजे वोट मांगने जाएंगे ये समझ मे नहीं आ रहा। अधिकारियों-कर्मचारियों पर अंकुश लगाना जरूरी है।

अतिक्रमण अधिकारी के मामले में स्पीकर ने पार्षद से लिखित शिकायत देने के लिए कहा, जबकि मेयर ने उनके आरोपों पर जांच कराने और जांच दल में दो पार्षदों को भी शामिल करने की बात कही। सीवर लाइन के गढ्ढों और सड़क के मुद्दे पर महापौर ने कहा कि पूरा शहर खुदा पड़ा है, इस पर डरने अथवा किसी को सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। सभी को धैर्य रखने की जरूरत है।

एक साल में सब ठीक हो जाएगा। शहर की तस्वीर बदल जाएगी। नेचुरल कंपेक्शन हो रहा है। सड़कों का रिस्टोरेशन कराया जा रहा है। जहां घटिया काम पाया गया है, वहां तुड़वा कर पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। इस दौरान पार्षदों ने सड़क निर्माण तथा सड़कों को मोटरेबल करने के लिए सीआरएम के नाम पर बोल्डर डालने का आरोप लगाया।

मुद्दा टेबल टेंडरों का भी उठा और उस पर विपक्षी पार्षदों ने अफसरों को घेरा। स्पीकर राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि जिन पार्षदों को अपने वार्डों में छोटे-छोटे काम कराने हैं, वो लिख कर ईई आरपी सिंह को दे दें, जिस पर कांग्रेसी पार्षद अमित अवस्थी सन्नू ने ऐसे काम की लागत निर्धारित करने की बात रखी।

### जिले के सेहरूआ एवं बैगा जनजाति के हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु शिविर लगाये जायें : कलेक्टर

**सतना निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत 1 सितंबर को बैगा जनजाति के परिवारों को वर्चुअल संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एकलव्य आवासीय विद्यालय में होगा। कलेक्टर रानी बाटड ने संबंधित विभागो को मैहर जिले के सेहरुआ, बैहर के निवासी बैगा जनजाति के प्रत्येक व्यक्ति तक सभी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु स्थानीय स्तर पर शिविर कैंप लगाने के निर्देश दिए है। साथ ही बीएसएनएल विभाग को ग्राम सेहरूआ में टावर लगाने हेतु पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर ने मेडीकल की मोबाईल वाहन सुविधा, नल जल योजना, आंगनवाड़ी एवं 2.85 किमी सड़क निर्माण कराने के लिये भी निर्देश दिए है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

## सड़कों से गौवंश हटाने के लिए तत्परता से कार्यवाही करें : मुख्य सचिव

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की मुख्य सचिव वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व महाअभियान में पूरे प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है। अभियान के दौरान अब तक नामांतरण के एक लाख 916 तथा नक्शा तरमीम के 26 लाख 19 हजार 112 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। कलेक्टर अभियान की सतत समीक्षा करके लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कराएं। नामांतरण तथा अभिलेख में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के प्रकरणों के लिए विशेष प्रयास करें। नामांतरण के नए प्रकरणों में नक्शा तरमीम तत्काल करा दें। किसान सम्मान






निधि के ई केवाईसी से जुड़े सभी प्रकरणों का भी 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। जिन जिलों में प्रगति कम है वहाँ के कलेक्टर विशेष ध्यान दें।

मुख्य सचिव ने राजस्व महाअभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को बधाई दी। सतना के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार मैहर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर रानी बाटड, सीएमओ मैहर लालजी ताम्रकार, सीएमओ अमरपाटन सुष्मा मिश्रा, पशुपालन एवं डेयरी प्रदीप दिवेदी, जनपद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोमबत्ती से सिलेंडर में भड़की आग

## बेटा-बेटी और मां झुलसी, पड़ोसियों ने बचाकर अस्पताल पहुंचाया



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शहर के समीपी गांव सोहौला में रसोई गैस सिलेंडर में आग भड़कने से बेटा-बेटी समेत मां झुलस गई। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन थाना अंतर्गत सोहौला निवासी रामकुमार सिंगरहा के घर पर रसोई गैस सिलेंडर में आग भड़कने से उसकी पत्नी सुधा (26), बेटा कान्हा (8) एवं ढाई वर्षीय बेटी छवि झुलस गए। आग की लपटें देख और शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़ कर वहां पहुंचे और तीनों को सतना जिला अस्पताल लाए।

रामकुमार ने बताया कि रसोई गैस का नया रिफिल सिलेंडर लाया था। शाम के वक्त उसे जब लगाया गया तो सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा। उस वक्त घर पर लाइट नहीं थी, लिहाजा बगल के कमरे में मोमबत्ती जल रही थी। सिलेंडर से निकली गैस मोमबत्ती की लौ के संपर्क में आते ही आग भड़क उठी।

# स्टाम्प राजस्व वसूली के बड़े बकायादारों से होगी वसूली

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रमुख सचिव मुद्रांक शुल्क एवं महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार कलेक्टर आफस्टाम्प के कार्यालय में बकाया राजस्व के गतिशील प्रकरणों में तेजी लायी जाएगी। जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह ने बताया कि सतना और मैहर जिले के बड़े राजस्व बकायादारों को आरआरसी के प्रकरणों में कई बार मांग पत्र एवं कुर्की वारंट जारी करने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं कराई जा रही है।

प्रमुख सचिव के निर्देशों के परिपालन में राजस्व वसूली के लिए लंबित आरआरसी के प्रकरणों में बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 146, 147 के प्रावधानों के अनुसार वसूली के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस सूचना को चल सम्पत्ति की कुर्की वारन्ट की तामीली मानी जायेगी।

आरआरसी के बड़े बकायादारों में कटरा बाजार घंटाघर मैहर के विजय अग्रवाल पर 11 लाख 19 हजार 113 रुपए, मेसर्स जेपी एसोसिएट्स रीवा 2 करोड़ 14 लाख 38 हजार 712, मेसर्स जेपी एसोसिएट रीवा 2 करोड़ 44 लाख 57 हजार 462, सतना के राजेंद्र नगर के डॉ. महेंद्र सिंह पर 10 लाख 75 हजार 272, पुष्पराज कॉलोनी के राकेश पाण्डेय 10 लाख 65 हजार 955, शास्त्री चौक सतना के रामचंदानी 15 लाख 75 हजार 201, सराय मोहल्ला मैहर के लक्ष्मी नारायण सोनी पर 47 लाख 43 हजार 807, राजेंद्र नगर के सुधीर राज अवस्थी पर 13 लाख 44 हजार, सुभाष चौक आशीष सरावगी पर 1 लाख 24 हजार 410, जीवन ज्योति कॉलोनी संगीता देवी चमडिया पर 1 लाख 85 हजार 940, डाली बाबा चौक के महेश कुमार सावनानी पर 2 लाख 94 हजार 100, हनुमान चौक की रश्मि अग्रवाल पर 1 लाख 13 हजार 664, बुढ़ार शहडोल के हर्षवर्धन सिंघानिया पर 7 लाख 16 हजार 813, कोठरा के योगेश सिंह पर 4 लाख 69 हजार 454, रगौली के कौशलेंद्र प्रताप सिंह पर 6 लाख 13 हजार 667, बिहारी चौक के सर्वर हुसैन पर 2 लाख 64 हजार 662, कृष्ण नगर के सुनील कुमार पर 67 हजार 312, खूंथी के ताज मोहम्मद पर 7 लाख 55 हजार 226, मैहर के दिनेश मिश्रा पर 2 लाख 90 हजार 586, महावीर मार्ग सतना के विपिन चौरसिया 5 लाख 38 हजार 890, प्रेम नगर सतना के रामनिवास शर्मा पर 1 लाख 26 हजार 518, भरहुत नगर की रीता गुप्ता पर 4 लाख 46 हजार 781, प्रतापपुर की रीतु त्रिपाठी पर 2 लाख 90 हजार 628, खारी रामपुर बघेलान के शंकरलाल पर 2 लाख 62 हजार, डेलौरा के बृजेन्द्र तिवारी पर 1 लाख 39 हजार 819 और सिंहपुर की चंपा देवी उरमालिया पर 9 लाख 11 हजार 763 रूपये की स्टाम्प राजस्व बकाया है।

# पंचायत उप निर्वाचन संबंधित पंचायतों की सीमा के शस्त्र लायसेंस निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 की घोषणा 7 अगस्त को किये जाने के फलस्वरूप जिले के विकासखण्ड/जनपद पंचायत उचेहरा, रामपुर बघेलान, नागौद, सोहावल, मझगवां पंचायतों के उप निर्वाचन के दौरान विभिन्न दलों, संगठनों समूहों द्वारा आयोजित किये जाने वाले जुलूस धरना प्रदर्शन, रैली एवं शस्त्र लेकर चलने-फिरने में नियंत्रण करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये है।

जिला दण्डाधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों रिक्त वार्डों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण एवं हिंसा रहित चुनाव संपन्न कराने के दृष्टिगत जिले के विकासखण्ड/जनपद पंचायत उचेहरा, रामपुर बघेलान, नागौद, सोहावल, मझगवां की ग्राम पंचायतों के वार्डों की सीमा में आने वाले समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए आदेश जारी किये गये हैं कि शस्त्र संबंधित थाने में तीन दिवस के अंदर आवश्यक रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें। शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्वाचन कार्य सम्पूर्ण होने व निर्वाचन परिणाम घोषित होने की तारीख के पश्चात स्वमेव शस्त्रधारियों के हित में बहाल मानी जायेगी। यह आदेश ऐसे शासकीय कार्य पर नियुक्त पुलिस कर्मियों अन्य शासकीय सेवकों एवं अर्द्धशासकीय सेवक जिन्हें शस्त्र के साथ शासकीय कर्तव्य निवर्हन हेतु नियुक्त किया गया है। व कानून व्यवस्था हेतु संबद्ध कर्मचारियों पर प्रभावशील नहीं होगा।

# पंचायत उप निर्वाचन संबंधित पंचायतों की सीमा के अंतर्गत लाउडस्पीकर के उपयोग पर नियंत्रण

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 की घोषणा 7 अगस्त को किये जाने के फलस्वरूप जिले की ग्राम पंचायतों में जहां पंच के पद रिक्त है। उन पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई हैं। जिसके फलस्वरूप कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत लाउडस्पीकर के उपयोग पर नियंत्रण पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा सतना जिले की ग्राम पंचायत/रिक्त वार्ड अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लाउड स्पीकर का उपयोग करने हेतु अनुमति देने के लिए संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। लाउड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति विकासखण्ड/जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रिक्त पंच वार्ड की ग्राम पंचायत में प्रदान करने के लिए अधिकारी अधिकृत होंगे। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त वार्ड की ग्राम पंचायत में रात्रि 10 बजे के पश्चात सार्वजनिक सभा एवं जूलुस आदि में कतिपय विशेष परिस्थितियों में शिथिलता, सक्षम, प्राधिकारी दे सकेंगे। परंतु जिसके लिए प्रचार-प्रसार की आवश्यकता जनसामान्य में लोक शांति एवं शांति व्यवस्था भंग करने की संभावना बीमार वृद्ध एवं छात्रों के परीक्षा के समय आदि समस्त विसंगतियों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।